● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 175, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 05 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर




शाहनवाज हुसैन को रेप केस में बड़ी राहत 5



गौतम गंभीर ज्यादा समय टिक नहीं पायेंगे 6

## 2029 में फिर एनडीए सरकार, मोदी भी आएंगे : शाह

### विपक्षी गठबंधन इंडिया खुद को विपक्ष में बैठने के लिए तैयार रखे



**चंडीगढ़।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार (4 अगस्त) को चंडीगढ़ में कहा कि इंडिया ब्लॉक चाहे कुछ भी कर ले, 2029 लोकसभा चुनाव में एनडीए की ही सरकार बनेगी। नरेंद्र मोदी चौथी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। इंडिया ब्लॉक एक बार फिर से खुद को विपक्ष में बैठने के लिए तैयार रखे।

शाह ने कहा कि विपक्ष अस्थिरता पैदा करना चाहता है। उन्हें विपक्ष में रहकर काम करने का तरीका सीखना चाहिए। विपक्ष के लोग बार-बार कहते हैं कि हमारी सरकार चलने वाली नहीं है। मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूं कि ह्ह सरकार कार्यकाल पूरा करेगी और 2029 में फिर आएगी।

शाह बोले- मोदी का तीसरा कार्यकाल पूरा होने से पहले हर घर में स्वच्छ जल पहुंच जाएगा।

चंडीगढ़ में वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट न्याय सेतु के उद्घाटन और स्मार्ट सिटी मिशन का उद्घाटन करते हुए गृह मंत्री ने कहा- विपक्ष को लगता है कि थोड़ी सफलता से वे चुनाव जीत गए। उन्हें नहीं पता कि तीन चुनावों में कांग्रेस को जितनी सीटें मिलीं, भाजपा को इस चुनाव में उससे ज्यादा सीटें मिली हैं।

शाह ने आगे ये भी कहा- मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से स्मार्ट सिटी पर फोकस रहा है और चंडीगढ़ इस सूची में पहले स्थान पर है। अब तक एक लाख करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। देश के 74 फीसदी घरों में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का मिशन पूरा हो चुका है। पानी से होने वाली बीमारियों में काफी कमी आई है।

मोदी जी के तीसरे कार्यकाल के खत्म होने से पहले देश के हर घर में स्वच्छ जल पहुंचाने का काम पूरा हो जाएगा। न्याय सेतु परियोजना के महत्व पर कहा- इस क्षेत्र के लोगों के लिए 24/7 फिल्टर-साफ पानी की आपूर्ति की जाएगी। यह परियोजना करीब 125 एकड़ में फैली हुई है।

ममता बनर्जी (9 जून)- एनडीए और इंडिया गठबंधन में काफी अंतर है। जो लोग एनडीए में हैं, उनकी मांगें बहुत ज्यादा हैं, लेकिन हम इंडिया गठबंधन वालों को कुछ नहीं चाहिए। हम सिर्फ लोगों का भला चाहते हैं, देश का भला चाहते हैं।

राहुल गांधी (12 जून)- सच्चाई यह है कि आज हमारे पास (केंद्र में) एक अपंग सरकार है। इसे इंडिया गठबंधन ने बुरी तरह से हराया है कि यह सीधे नहीं चल सकती। यह निश्चित रूप से ऐसी सरकार नहीं है जो देश का नेतृत्व करने में सक्षम हो।

मल्लिकार्जुन खड़गे (14 जून)- एनडीए की सरकार गलती से बनी है। मोदी जी के पास जनादेश नहीं है। यह अल्पमत की सरकार है। यह सरकार कभी भी गिर सकती है।

मायावती (23 जून)- भाजपा की अगुआई वाली केंद्र की मौजूदा एनडीए की सरकार किसी भी वक्त गिर सकती है। ये सरकार पूर्ण रूप से स्थिर नहीं है।

लालू प्रसाद यादव (5 जुलाई)- मैं कार्यकर्ताओं से अपील करना चाहूंगा कि वो आगामी चुनाव के लिए खुद को तैयार रखें। चुनाव कभी भी हो सकते हैं। केंद्र सरकार बहुत कमजोर है। उसकी नींव बहुत कमजोर है। इस सरकार का अपना कोई सिद्धांत नहीं है।

## बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिये राज्य सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी: डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए राज्य सरकार कृत-संकल्पित है। इसी कड़ी में आज शाजापुर में 20 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 100 बिस्तरीय मातृ-शिशु चिकित्सालय का लोकार्पण किया गया है। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस चिकित्सालय में जच्चा और बच्चा को उच्च स्तरीय सेवाएँ मिल सकेंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शाजापुर में मातृ-शिशु चिकित्सालय का लोकार्पण कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शाजापुर जिले के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जायेगी। जिले में नर्मदा जी का जल आ चुका है। अब पार्वती-काली सिंध-चंबल लिंक परियोजना का लाभ भी शाजापुर को मिलेगा। परियोजना से 13 जिले लाभान्वित होंगे। किसानों को 24 घंटे पानी और बिजली की उपलब्धता मिलेगी, जिससे जिले में फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने शाजापुर की उप तहसील मक्सी को तहसील बनाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने चिकित्सालय परिसर में पौधा भी रोपा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों का जीवन बेहतर बनाने के लिए ही सरकार बनी है। किसान अपने पराक्रम से फसलों का उत्पादन करता है। शाजापुर में आलू-प्याज खरीदने के लिए पूरे देश के लोग आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के गठन के बाद लगातार प्रयास किया है कि प्रदेश में किसानों को लाभ मिले और इस दिशा में किसानों ने अपनी उत्पादकता भी अच्छी बढ़ाई है। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में रोजगार के संसाधन बढ़ाए जायें, इसके लिए औद्योगिक विकास की भी आवश्यकता है।

## बांग्लादेश में फिर भड़की हिंसा, 32 की मौत

### पूरे देश में कर्फ्यू, इंटरनेट बंद, प्रदर्शनकारियों ने पीएम हसीना का इस्तीफा मांगा

**ढाका।** बांग्लादेश में एक बार फिर से हिंसा का दौर शुरू हो गया है। इस बार हजारों प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर सड़क पर उतर आए हैं। रविवार (4 अगस्त) को प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प में अब तक 32 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, कई लोग घायल हैं।

सरकार ने हिंसा पर काबू करने के लिए देशभर में कर्फ्यू लगा दिया है। पुलिस की तरफ से भीड़ को हटाने के लिए आंसू गैस और



स्मोक ग्रेनेड का इस्तेमाल किया गया। हिंसा को काबू करने के लिए सरकार ने इंटरनेट बंद कर दिया है। साथ ही फेसबुक, वॉट्सऐप, इंस्टाग्राम और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी रोक लगा दी है। शेख हसीना इसी साल जनवरी में लगातार चौथी बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनी हैं। हालांकि, इस चुनाव का प्रमुख दल विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने बहिष्कार किया था। बीएनपी निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे की मांग कर रही थी। चुनाव नतीजे आने के बाद देशभर में हिंसा और प्रदर्शन शुरू हो गए थे।

बांग्लादेश के मुंसीगंज में पुलिस, सत्ताधारी और विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच हुई तीन तरफा झड़प में 2 मजदूरों की मौत हो गई।

## सहारनपुर पैसेंजर ट्रेन के साथ हुआ हादसा, दो कोच बेपटरी होने से मची भगदड़

**सहारनपुर।** दिल्ली वाया शामली सहारनपुर पैसेंजर ट्रेन के दो कोच बेपटरी हो गए। इसकी जानकारी मिलते ही रेल अधिकारी मौके पर पहुंच गए। इस हादसे में किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। यह मामला रविवार को दोपहर करीब पौने दो बजे हुआ। सहारनपुर पैसेंजर ट्रेन दिल्ली से शामली के बीच चलती है। यह ट्रेन रविवार को करीब डेढ़ घंटे देरी से सहरापुर स्टेशन पर पहुंची। यात्रियों के उतरने के बाद यह वाशिंग लाइन की तरफ जाने लगी।

## अंतरिक्ष तकनीक से मलबे में दबे लोगों को ढूंढना संभव नहीं

### केरल में भूस्खलन के सवाल पर बोले इसरो प्रमुख

**बंगलूरू।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष तकनीक से भूस्खलन के मलबे में दबे लोगों का पता लगाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष तकनीक से केवल एक निश्चित गहराई तक ही खोजबीन जा सकता है। इसरो प्रमुख सोशल मीडिया पर एक कार्यक्रम के दौरान केरल में भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं से जुड़े सवाल का जवाब दे रहे थे, जहां भूस्खलन के मलबे में कई लोगों के अभी भी दबे होने की



आशंका है। इसरो प्रमुख ने कहा कि अंतरिक्ष आधारित सेंसरों की अपनी एक सीमा है और वह मलबे में बहुत गहराई में फंसे सामान या व्यक्ति तक नहीं पहुंच सकते। केरल में इसी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जहां भारी मलबे के बीच लोग दबे हुए हैं। इसरो और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के बीच हुए समझौते के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर दो भारतीयों को भेजे जाने से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने की प्रक्रिया ही आपको बहुत कुछ सीख देती है। हमारे एक अंतरिक्ष यात्री को तैयारी की पूरी जमीनी प्रक्रिया में प्रशिक्षित किया जाएगा। वह हमें बताएगा कि कैसे गगनयान मिशन के लिए गगनयात्री को तैयार करना चाहिए। इसरो प्रमुख ने इसरो की शुरुआती विफलताओं के बारे में भी बात की, जिसने अंतत: इसकी सफलताओं का मार्ग प्रशस्त किया।

## 19 अगस्त को होगा नेशनल अचीवमेंट सर्वे

**ग्वालियर।** स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता सहित बच्चों में सीखने की क्षमता को परखने के लिए देशभर में कराए जाने वाला नेशनल अचीवमेंट सर्वे 19 अगस्त को होगा, जिसमें बच्चे, शिक्षक और स्कूल संचालक हिस्सा लेंगे। सर्वे को लेकर स्कूलों में तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। जिला स्तर पर जिला टास्क फोर्स और क्लस्टर मानिटरिंग समिति का गठन कर दिया गया है। सर्वे हर तीन साल में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा कराया जाता है।

## वक्फ बोर्ड किसी जमीन को अपनी संपत्ति नहीं बता सकेगा

### केंद्र सरकार वक्फ एक्ट में संशोधन के लिए बिल लाएगी, कैबिनेट की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार जल्द ही मौजूदा वक्फ एक्ट में करीब 40 संशोधन करने की तैयारी में है। इसे लेकर सरकार इसी सत्र में एक नया बिल लेकर आ सकती है। अभी वक्फ के पास किसी भी जमीन को अपनी संपत्ति घोषित करने की शक्ति है। नए बिल में इस पर रोक लगाई जा सकती है। सूत्रों को मुताबिक शुक्रवार (2 अगस्त) को हुई कैबिनेट बैठक में इस बिल को मंजूरी भी मिल गई है। प्रस्तावित बिल में मौजूदा एक्ट की कुछ धाराओं को हटाया भी जा सकता है। संसद का मानसून सत्र अभी 12 अगस्त तक चलना है।

वक्फ एक्फ में संशोधन की अटकलों को लेकर असदुद्दीन ओवैसी ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सबसे पहले तो जब संसद सत्र चल रहा है, तो केंद्र सरकार संसद की सर्वोच्चता और विशेषाधिकारों के खिलाफ काम कर रही है और इसकी जानकारी संसद को देने की बजाय मीडिया को दे रही है।

## प्रदेश के कई जिलों में हो रही झमाझम बारिश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में स्ट्रांग सिस्टम के चलते राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में रविवार को झमाझम बारिश का दौर जारी है। अच्छी बारिश से प्रदेश की सभी छोटी-बड़ी नदियां उफान पर हैं। 10 बड़े बांध फुल हो चुके हैं। भोपाल-विदिशा में देर रात से बारिश हो रही है।

नर्मदापुरम में तवा डैम के गेट शनिवार रात में बंद कर दिए गए थे, लेकिन पानी का लेवल बढ़ने के बाद रविवार सुबह 8 बजे 3 गेट 7-7 फीट तक खोल दिए गए हैं। इधर, मौसम विभाग में प्रदेश के 12 जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।



प्रदेश के 31 जिलों में भी बारिश के आसार हैं। इनमें से रतलाम, मंदसौर, नीमच और गुना के लिए अति भारी बारिश का रेड अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार रायसेन भीमबेटका सांची, राजगढ़, सीहोर, दक्षिण विदिशा उदयगिरि, नर्मदापुरम पचमढ़ी, नरसिंहपुर, दमोह और कटनी में बिजली के साथ बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। साथ ही शाजापुर, आगरमालवा, दक्षिण में बिजली के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। गुना, देवास, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, भोपाल बैरागढ़, दक्षिण सागर, जबलपुर भेड़ाघाट, सिवनी, मैहर और पन्ना के साथ-साथ उत्तरी विदिशा, उत्तरी गुना, पांढुर्ना पेंच, इंदौर में मध्यम बारिश , खंडवा ओंकारेश्वर, उज्जैन महाकालेश्वर, मंडला कान्हा, उमरिया बांधवगढ़, डिंडोरी, शहडोल, सतना चित्रकूट और छतरपुर के साथ-साथ नीमच, मंदसौर, बुरहानपुर, उत्तरी सागर, पश्चिम शिवपुरी, श्योपुर, बालाघाट, अनुपपुर में हल्की बारिश होगी। सीधी, रीवा, टीकमगढ़, धार, खरगोन महेश्वर, बड़वारनी बावनगजा, अलीराजपुर और दक्षिण अशोकनगर में भी बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि अगले 2 दिन तक तेज बारिश होती रहेगी। उन्होंने बताया कि झारखंड और पश्चिम बंगाल के आसपास साइक्लोनिक सर्कुलेशन लो प्रेशर एरिया बन गया है। मानसून ट्रफ इस लो प्रेशर एरिया के केंद्र से होते हुए सीधी, ग्वालियर यानी मध्यप्रदेश के उत्तरी हिस्से से गुजर रहा है।

## मंत्री ने महिला अधिकारी को धमकाया, टीएमसी ने इस्तीफा मांगा

**कोलकाता।** बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी ने राज्य सरकार में जेल मंत्री अखिल गिरि से इस्तीफा मांगा है। ये कार्रवाई ममता सरकार में मंत्री अखिल गिरी के एक वायरल वीडियो के बाद हुई है। वीडियो में जेल मंत्री एक महिला अधिकारी को धमकाते दिख रहे हैं। इसपर टीएमसी ने मंत्री को महिला अधिकारी से बिना शर्त माफी मांगने और अपना इस्तीफा देने को कहा है। बंगाल भाजपा ने शनिवार (3 अगस्त) को अखिल गिरी का महिला अधिकारी से बदसलूकी करते वीडियो शेयर किया था। वीडियो में अखिल गिरी महिला अधिकारी मनीष शॉ पर चिल्लाते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने बंगाली में कहा, तुम एक सरकारी कर्मचारी हो। मेरे सामने सिर झुकाकर बात करो। तुम देखना एक हफ्ते में तुम्हारे साथ क्या होता है। अखिल गिरी यहीं नहीं रूके। उन्होंने कहा, अपना तरीका सुधारो, नहीं तो डंडे से पीटूंगा। अगर तुमने दोबारा इस मामले में अपनी नाक डाली तो वापस नहीं जा पाओगी। ये गुंडे तुम्हें रात में घर नहीं जाने देंगे। पार्टी प्रवक्ता डॉ. शांतनु सेन ने कहा, कल हमारे मंत्री ने एक महिला वन अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार किया, और हमने तुरंत स्पष्ट किया कि हम इस तरह के व्यवहार का समर्थन नहीं करते हैं... हमारे वन मंत्री बीरबाहा हांसदा ने भी अधिकारी से बात की है।

## ट्रांसप्लांट के लिए ऑर्गन ट्रांसपोर्टेशन को लेकर गाइडलाइन जारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ट्रांसप्लांट के लिए मानव अंगों को भेजने और लाने को लेकर पहली बार गाइडलाइन जारी की है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने हवाई, ट्रेन, मेट्रो, रोड और शिपिंग रूट से ऑर्गन ट्रांसपोर्टेशन को लेकर शनिवार (3 अगस्त) को एसओपी जारी की। एयर रूट से ऑर्गन ट्रांसपोर्टेशन के दौरान फ्लाइट्स में विशेष सुविधाएं मिलेंगी। मानव अंगों को लेकर जाने वाली एयरलाइंस एयर ट्रैफिक कंट्रोल से फ्लाइट के जल्दी टेकऑफ-लैंडिंग और फ्रंट सीट देने की अपील कर सकती है। एयरलाइंस ऑर्गन ले जाने वाले डॉक्टर्स को टिकट बुकिंग में प्राथमिकता देने और देर से चेक-इन पर छूट देने की भी अपील कर सकती है।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक

### पार्टी 288 में से 120 सीटों पर लड़ने की तैयारी में, 7 अगस्त को एमव्हीए की मीटिंग

**मुंबई।** आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर मुंबई में आज (4 अगस्त) मुंबई कांग्रेस और महाराष्ट्र कांग्रेस की दो अलग-अलग बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस पार्टी ने 7 अगस्त को होने वाली विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी की मीटिंग को लेकर अपनी रणनीति बनाई।

लोकसभा चुनाव में 13 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस का मनोबल बढ़ा हुआ है। इस कारण कांग्रेस लगातार ज्यादा सीटों की मांग कर रही है। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस महाराष्ट्र की कुल 288 विधानसभा सीटों में से करीब 110- 120 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती है। 7 अगस्त को विधानसभा चुनाव के लिए सीट शेयरिंग का फॉर्मूला और अन्य पहलुओं पर महाविकास अघाड़ी की बैठक होनी है। इसमें शिवसेना , कांग्रेस, एनसीपी शरदचंद्र पवार तीनों प्रमुख पार्टी के वरिष्ट नेता शामिल होंगे। मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड ने कहा- महाविकास आघाड़ी की बैठक से पहले मुंबई में मुंबई कांग्रेस और महाराष्ट्र कांग्रेस की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में महाराष्ट्र कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्निथला के सामने विधानसभा चुनाव में पार्टी की रणनीति, मुद्दों पर चर्चा हुई।

आगे उन्होंने कहा कि मुंबई को लेकर मेरी बात उद्धव ठाकरे से हुई है। बातचीत का दौर अभी शुरू है। हम लोग मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

## सागर में दीवार गिरने से नौ बच्चों की मौत

### शिवलिंग बनाते समय भरभराकर गिरी 50 साल पुरानी दीवार, दो घायल

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले के शाहपुर में रविवार को भीषण हादसा हो गया। भागवत कथा के दौरान शिवलिंग का निर्माण कर रहे लोगों पर दीवार गिर गई, हादसे में नौ बच्चों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हैं।

जानकारी के अनुसार शाहपुर के हरदौल मंदिर में सावन महीने में शिवलिंग निर्माण और भागवत कथा का आयोजन चल रहा हैं। इसके शामिल होने के लिए सैकड़ों लोग पहुंच रहे हैं। रविवार को छुट्टी होने के कारण शिवलिंग बनाने के लिए बड़ी संख्या में बच्चे भी आए हुए थे।

बच्चे एक जगह बैठकर शिवलिंग बना रहे थे, इस दौरान मंदिर परिसर के पास स्थित एक मकान की करीब पचास साल पुरानी कच्ची दीवार भराभरा कर गिर गई। यह दीवार बच्चों के ऊपर



गिरी, जिससे नौ बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। लोगों ने तुरंत दीवार का मलबे हटाने का कार्य शुरू किया और फिर एक-एक कर उसके नीचे दबे बच्चों को बाहर निकाला गया। नगर परिषद, पुलिस और नगर वासी राहत कार्य में लगे हुए हैं। सूचना मिलने पर रहली विधायक और पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव मौके पर पहुंचे।

अस्पताल में उमड़ी भीड़, व्यवस्था न मिलने से लोग नाराज

हादसे के बाद लोग घायलों को लेकर शाहपुर अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां एक भी डॉक्टर नहीं मिला। ऐसे में लोगों ने नाराजगी जाहिर की। लोगों बताया कि यहां जो डाक्टर हैं, वे कभी-कभार ही अस्पताल आते हैं और दस्तखत करके चले जाते हैं। उन्होंने बताया कि जब बच्चों को अस्पताल में लाया गया तो मलहम पट्टी करने वाला भी मौजूद नहीं था।

दर्दनाक हादसे में दिव्यांश साहू पुत्र नितेश साहू, वंश लोधी पुत्र यशवंत लोधी, नीतेश पटेल पुत्र कमलेश पटेल, ध्रुव यादव पुत्र जगदीश यादव, पर्व विश्वकर्मा पुत्र कृष्ण विश्वकर्मा, दिव्यराज साहू पुत्र गोविंद साहू, सुमित प्रजापति पुत्र महेश प्रजापति और खुशी पटवा पुत्री अमित पटवा समेत एक अन्य बच्चे की मौत हो हुई है।

हादसे को लेकर सीएम मोहन यादव ने दुख जताया। उन्होंने एक्स कर लिखा- सागर जिले के शाहपुर में हुई अतिवृष्टि के कारण जर्जर मकान की दीवार गिरने से 9 मासूम बच्चों के काल कवलित होने की खबर सुनकर मन व्यथित है। घायल बच्चों के उचित इलाज के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया है। भगवान से करबद्ध प्रार्थना है कि दिवंगत बच्चों की आत्मा को शांति प्रदान करें। हादसे में घायल अन्य बच्चों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। जिन परिवारों ने मासूम बच्चों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मृतक बच्चों के परिजनों को शासन की तरफ से 4 -4 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।

# दिया ग्राम पंचायत में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का आयोजन

## ग्राम पंचायत एवं समर्थन जल मित्रो की तैयार नर्सरी से वितरित हुए सहजन एवं आंवले के पौधे




**पन्ना।** ग्राम पंचायत दिया में पंचायत भवन में एक पेंड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन रिलायंस फाउन्डेसन के सहयोग से किया गया। जल एवं स्वच्छता को बढ़ाना देने के लिये पौधा रोपड़ करना बहुत आवश्यक है। सरपंच रामसिरोमणि सिंगरोल के मागदर्शन में गांव के सैकड़ो परिवार ने नर्सरी से पौधा क्रय किया। समर्थन संस्था के कपूर सिंह कृषि विशेषज्ञ एवं चालीराजा ने पौधो के लगाने की विध एवं सुरक्षा के उपय वताये है। इस कार्यक्रम का समन्वय आशीष विश्वास, हरेन्द्र पाण्डेय एवं प्रदीप पिड़िहा, ने किया। पंचायत स्तर पर विजयकांन्त,सावित्री लोधी अंजली , सोनिया, लक्ष्मी ,सीमा ने पौध वितरण में सहयोग किया। संस्था जिले के 50 सघन गांव में रिलायंस के सहयोग से ''पोषण स्मार्ट विलेज'' बनाने में सहयोग कर रही है। जलमित्रो द्वारा तैयार नर्सरी में सहजन आंवले एवं सीताफल एवं अमरूद के पौधो महिलाओ को प्राथकिता में दिया जा रहा है।

पौधे लगाने हेतु गड्ढे की साइज़ 2 फुट गहरा एवं 1.5 फिट गहराई के गड्ढे करें एवं गड्ढे की भराई करने से पहले नीम की पत्ती या निबोली को कूट कर डालते जाएं ताकि दीमक के प्रकोप से बचाव किया जा सके तथा खुदाई के बाद गड्ढे की भराई करें और पौधे से पौधे की दूरी आंवला के लिए कम से 18 फुट, अमरूद की दूरी 18 फुट एवं पपीता की दूरी 8-9फुट, सीताफल की दूरी 18फुट रखें एवं पंक्ति से पंक्ति दूरी 18फुट रखें। अमरूद - 6 मीटर, आंवला - 6 मीटर, पपीता - 3 मीटर ,सहजन- 5-6 मीटर द दूरी पौधे से पौधे एवं पथ से पंक्ति ढोरी में पौधे आरोपित किए जाएं तथा पौधों में आने वाले विभिन्न प्रकार की बीमारियों की रोकथाम के लिए नीमच ब्रह्मास्त्र एवं पांच पत्ती कथा के बारे में जानकारी दी गई तथा पौधे की वृद्धि के लिए जीवामृत घन जीवामृत की खाद डालने के लिए प्रेरित किया गया मीटिंग उपरांत दिया सरपंच राम शिरोमणि सिंह के माध्यम से दिया,नेगुंवा, झण्डा,, कोठी टोला इन चारों गांवों को मिलाकर 90 परिवार को प्रति प्रतिभागी को 4 पौधा दिया गया। एवं कुल मिलाकर 360 पौधों को वितरण कर पौधरोपण कराया गया। नीमच ब्रह्मास्त्र एवं पांच पत्ती कथा के बारे में जानकारी दी गई तथा पौधे की वृद्धि के लिए जीवामृत घन जीवामृत की खाद डालने के लिए प्रेरित किया गया मीटिंग उपरांत दिया सरपंच राम शिरोमणि सिंह के माध्यम से दिया,नेगुंवा, झण्डा,, कोठी टोला इन चारों गांवों को मिलाकर 90 परिवार को प्रति प्रतिभागी को 4 पौधा दिया गया। एवं कुल मिलाकर 360 पौधों को वितरण कर पौधरोपण कराया गया।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारी बैठक 5 को

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार, 5 अगस्त को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आगामी 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस की तैयारी बैठक आयोजित की गई है। इस दौरान 78वें स्वतंत्रता दिवस की रूपरेखा व कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में चर्चा होगी। अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र द्वारा संबंधित अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

## 5 अगस्त को होगी रोगी कल्याण समिति की बैठक

**पन्ना।** रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी समिति की बैठक 5 अगस्त को दोपहर 12.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी। सिविल सर्जन एवं समिति के सचिव डॉ. आलोक कुमार गुप्ता द्वारा जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संबंधितजनों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

# आदिवासी दलित सगठन ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**पन्ना।** निरधारित कार्यक्रम के अनुसार कल्दा पठार बडी खमरिया मे आदिवासी दलित कांति सेना के बेनर तले सभा का आयोजन हुआ मुख्य अतिथि जनका बाई आदिवासी रही अध्यझता सबिता आदिवासी द्वारा की गई। कार्यक्रम को मुख्य अतिथिया ने समबन्धित कर वन अधिनियम पर बल देते हुए कहा वन अधिकार हमारा अधिकार है जो मध्यप्रदेश शासन पूर्णरूप से देना नहीं चाहती जिस पर सरकार से सतत् संघर्स करने की जरूरत है। अध्यक्ष सविता बाई ने आदिवासी बालक को बीट गार्ड बिगत समय मे मार पीट का मामला सभा में रखा नारे बाजी के साथ कल्दा रेंज घेराव सहमति बनी। सगठन के सयोजक बिगेर नाम लेते आरोप लगाते हुए कहा कि जिला भाजपा कि सहपर कुछ छुट भाई नेता अपने ही लोगों को लूटते है जिसकी जानकारी भाजपा जिला प्रभारी को भेजा जाऐगा कार्यवाही ना करने पर सगठन सडकों पर उतरेगा। बुन्देला ने कहा सगठन एक सामाजिक सस्संथा है शाती से गांधी वादी तरीके से बात रखने पर बिश्वास रखता है आदिवासी दलित वर्ग को उनके हक की लडाई लड़ने के लिए जागरूक करना होता है। सभा मे पुलिस बल तैनात रहा सभा मे तहसीलदार महोदय को मुख्यमंत्री, राष्ट्रपति महोदया को पत्र सोप कर कर पांच सूत्रिय माग की गई। सभा उपरान्त कल्दा वन रेंज का घेराव हुआ,नारे बाजी हुई, पुलिस बल के सैकड़ो बनवासीयो ने बीच रेजर से जबाब मागे जनता को सतूष्ठ करते हुए आदिवासी बालक के समंध मे रेजर भदोरिया ने तीन दिवस का समय मांगा जिसे सगठन ने स्वीकार कर धरना-प्रदर्शन का समाप्त किया। भरी वर्षात मे आई हुई जनता का अभार सगठन जिलाअध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ठाकुर ने किया। सभा का सफल संचालन सुरेस बागरी ने किया। मुख्य रूप सभा मे धीरज सिंह,युवा नेता संदीप शर्मा, माधव सिह,सेव सिह, रोशन सिंह, सरदर सिह, सातवा सिह अन्य भारी संख्या मे उपस्थिति होकर कार्यक्रम को सफल किया।

## अब तक सर्वाधिक वर्षा पवई में 663 मिमी दर्ज

**पन्ना।** अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष एक जून से अब तक जिले में औसत वर्षा 514.2 मिमी दर्ज की जा चुकी है। यह गत वर्ष की उक्त अवधि में दर्ज औसत वर्षा से 115.4 मिमी अधिक है। पन्ना जिले की औसत वर्षा 1176.4 मिमी है। अब तक वर्षामापी केन्द्र पवई में सर्वाधिक 663 मिमी और देवेन्द्रनगर में सबसे कम 363.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जबकि पन्ना में 486.7 मिमी, गुनौर में 496.7 मिमी, अमानगंज में 539.9 मिमी, सिमरिया में 621.5 मिमी, शाहनगर में 409.4 मिमी, रैपुरा में 572.2 मिमी और अजयगढ़ में 475.8 मिमी कुल वर्षा दर्ज की गई है।

# स्वतंत्रता दिवस पर सांची पेड़ा वितरण के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** कमिश्नर सागर संभाग द्वारा आगामी 15 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित समारोह में सभी शासकीय विद्यालय व कार्यालयों में सांची पेड़ा का वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में संभागायुक्त द्वारा कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सहित संबंधित अधिकारियों को जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रतिवर्ष विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं और नागरिकगण को स्थानीय बाजार से मिष्ठान क्रय कर वितरण किया जाता है। प्राय: मिष्ठान अमानक स्तर का होने के फलस्वरूप कई बार फूड प्वाइजनिंग की शिकायतें भी संज्ञान में आती हैं।

संभागायुक्त द्वारा बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित सागर द्वारा निर्मित सांची पेड़ा के वितरण के संबंध में अवगत कराया गया है कि सांची डेयरी किसान हितार्थ सहकारी संस्था है। बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ सागर संभाग के समस्त जिलों के दुग्ध उत्पादक किसानों से दुग्ध संकलित कर दूध को प्रोसेस्ड कर सांची ब्राण्ड के नाम से विक्रय करता है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सांची पेड़ा प्राप्ति के लिए सात दिवस पूर्व दुग्ध संघ कार्यालय के मोबाइल नंबर पर मांग प्रस्तुत की जा सकती है। इसके लिए मोबाइल नंबर 9893874217, 9981359019, 9752265003 एवं 7805857186 जारी किया गया है।

# दो दिन पूर्व हिनौता में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

## चोरी का सामान किया बरामद, एक आरोपी को किया गिरफ्तार




**पवई।** पवई पुलिस ने दो दिन पूर्व ग्राम हिनौता में हुई चोरी का शुक्रवार को खुलासा करते हुए चोरी के सामान सहित एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। बता दें बीते दो दिन पूर्व ग्राम हिनौता निवासी बिहारी पटेल के घर में अज्ञात चोर ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था, जिसकी फरियादी ने पवई पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस थोटा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह व एसडीओपी पवई सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी के द्वारा एक टीम का गठन किया गया। टीम ने विवेचना के दौरान मौके पर लिए गए फिंगरप्रिंट्स एवं डॉग स्क्वाड की सहायता से गांव के ही कुछ लोगों से शक के आधार पर पूछताछ की,पूछताछ के दौरान राहुल पटेल से सख्ती से जब पूछताछ की गई तो उसने चोरी करना स्वीकार किया,जिसके पास से चोरी हुआ सोने चांदी का सामान सहित नगद राशि जप्त की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इसके साथ ही पुलिस ने जुआ फड़ पर भी कार्रवाई की साथ ही जुए की राशि एवं बावन पत्ती को जप्त किया।

## 5 अगस्त तक होंगे पंजीयन और सत्यापन

**पन्ना।** उच्च शिक्षा संचालनालय द्वारा महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तृतीय चरण (सीएलसी राउंड) की समय-सारणी निर्धारित की गई है।

निर्धारित समय-सारणी के अनुसार विद्यार्थियों के लिए तृतीय चरण (सीएलसी राउंड) के लिए 2 अगस्त से 10 अगस्त तक ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया होगी। स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी 5 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन करवा सकेंगे। विद्यार्थियों को 5 अगस्त तक दस्तावेज सत्यापन भी करवाना होगा। सीएलसी राउंड (तृतीय चरण) के लिए सीट आवंटन व मेरिट सूची 7 अगस्त को प्रदर्शित होगी। प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को आवंटित महाविद्यालय में 7 से 10 अगस्त तक प्रवेश शुल्क का भुगतान करना होगा।

# साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों की सूची जारी

**पन्ना।** राज्य नीति आयोग के निर्देशानुसार आकांक्षी विकासखण्ड अजयगढ़ में एबीपी फेलो की नियुक्ति के लिए गत 15 से 29 जनवरी तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण व अंकों की गणना अनुसार वरीयता क्रम में प्रथम दस अभ्यर्थियों का नाम साक्षात्कार के लिए चयनित किया गया है। इनमें क्रमश: पंकज तिवारी, लकी जड़िया, अमन लोधी, विमल कुमार सिंगरौल, अमित पयासी, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, चन्द्रभान साहू, लखन लाल साहू, राहुल तिवारी एवं पारूल शर्मा शामिल हैं। उपरोक्त अभ्यर्थियों का साक्षात्कार जिला पंचायत पन्ना के सभाकक्ष में बुधवार, 7 अगस्त को होगा। इस संबंध में आवेदकों को सुबह 11 बजे उपस्थित होने के संबंध में सूचित किया गया है। साक्षात्कार के दौरान अभ्यर्थियों को शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति व तीन प्रतियों में दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान अंतिम निर्णय लेने का अधिकार जिला कलेक्टर का होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए दूरभाष क्रमांक 07732-252561 पर संपर्क किया जा सकता है। संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के कक्ष क्रमांक 155 में भी कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर फेलो की नियुक्ति के संबंध में संपर्क किया जा सकता है। चयनित आवेदकों की सूची जिले की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## मादा हाथी केशकली ने दिया शावक को जन्म



**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व की मादा हांथी केनकली ने दिनांक 02.08.2024 की रात्रि 2:30 बजे हाथी केम्प हिनौता में मादा बच्चे को जन्म दिया। नवपजात हाथी का वनज 95.5 कि.ग्राम मापा गया। बच्चा एवं मां स्वस्थ्य है। मादा बच्चे का पिता गणेश हांथी है।

# गोकुल मिशन अंतर्गत मैत्री प्रशिक्षण के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

## प्रशिक्षित गौ सेवकों को मिलेगी प्राथमिकता

**पन्ना।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा राष्ट्रीय गोकुल मिशन अंतर्गत जिले के रिक्त ग्राम पंचायतों में कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता (मैत्री) के प्रशिक्षण के लिए बेरोजगार युवकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। प्रशिक्षण के लिए संबंधित ग्राम पंचायत के ही 18 से 45 वर्ष के कक्षा 10वीं उत्तीर्ण युवा आवेदन कर सकते हैं। गौ एवं भैंस वंशीय पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान कार्य में रूचि रखने वाले इच्छुक युवक संबंधित विकासखण्ड के पशु चिकित्सा अधिकारी से रिक्त ग्राम पंचायत की जानकारी और निर्धारित आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। ग्राम पंचायत के अनुमोदन के साथ आवेदन पत्र संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी के पास जमा करना जरूरी होगा। मैत्री प्रशिक्षण के लिए पूर्व में प्रशिक्षित गौ सेवकों को प्राथमिकता दी जाएगी। उप संचालक डॉ. डी.पी. तिवारी ने बताया कि कृत्रिम गर्भाधान संस्थान रतोना, सागर और भदभदा, भोपाल में कृत्रिम गर्भाधान का एक माह का क्लास रूम प्रशिक्षण होगा। प्रशिक्षण में रहने व भोजन की नि:शुल्क व्यवस्था रहेगी। इसके उपरांत दो माह का प्रायोगिक प्रशिक्षण जिले में प्रदान किया जाएगा। इससे स्वरोजगार स्थापना के लिए भी मदद मिलेगी। शासन से किसी प्रकार का मानदेय अथवा वेतन प्राप्त नहीं होगा। प्रशिक्षण उपरांत परीक्षा उत्तीर्ण होने पर विभाग द्वारा प्रमाण पत्र, एआई किट व अन्य सामग्री नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। प्रिशिक्षत आवेदक संबंधित ग्राम पंचायत क्षेत्र में कृत्रिम गर्भाधान का कार्य कर पशु पालकों से शुल्क प्राप्त कर सकेंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आगरा मोहल्ला, रानीबाग रोड पन्ना स्थित पशुपालन एवं डेयरी विभाग के जिला कार्यालय में कार्यालयीन दिवस पर संपर्क किया जा सकता है।

## गेहूं व्यापारी स्टॉक की अनिवार्यता की करें घोषणा

**पन्ना।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार कृषि उपज मण्डी में पंजीकृत व्यापारियों एवं खाद्य सुरक्षा विभाग में पंजीकृत गेहूं के व्यापारियों द्वारा प्रति शुक्रवार को उनके अधीन संग्रहित गेहूं के स्टॉक की घोषणा की जाना है।

इस संबंध में अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन पन्ना द्वारा गेहूं का स्टॉक करने वाले समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर नियमित रूप से स्टॉक की ऑनलाइन घोषणा करने के लिए निर्देशित किया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार राय ने बताया कि खाद्य सुरक्षा प्रशासन के तहत पंजीकृत एफएसएसएआई लायसेंस व पंजीयन प्राप्त समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को भी पोर्टल पर स्टॉक की घोषणा अनिवार्य रूप से करना जरूरी है, जिससे शासन के निर्देशों का पालन हो सके।

# गुनौर ब्लॉक में आशा कार्यकर्ता द्वारा अवैध वसूली

## स्थानीय लोगों ने की प्रशासन से तत्काल कार्यवाही की मांग

**पन्ना।** पन्ना जिले के गुनौर ब्लॉक स्थित लुहारगांव कस्बे में आशा कार्यकर्ता रामबाई प्रजापति द्वारा लंबे समय से अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रामबाई प्रजापति गर्भवती महिलाओं से पैसे की मांग करती हैं, जिसमें कभी जरूरी जांच का बहाना, कभी डॉक्टर को पैसे देने का हवाला और कभी ऑफिस में पैसे देने का तर्क शामिल है। स्थानीय महिलाओं और उनके परिवार वालों ने कैमरे के सामने रामबाई के काले कारनामों का खुलासा किया है। उनका कहना है कि रामबाई सरकारी योजनाओं के तहत बच्चे के जन्म पर मिलने वाले पैसे दिलाने के नाम पर दो से तीन हजार रुपये तक की वसूली करती हैं। तेज तर्रार और लड़ाकू स्वभाव की वजह से गांव के लोग उसके खिलाफ आवाज उठाने से डरते हैं। उक्त मामले में सवाल यह उठता है कि संबंधित अधिकारियों को इस भ्रष्टाचार की जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। इसके अतिरिक्त, परिवार नियोजन पर काम करने वाली एक महिला, जिनके स्वयं चार बच्चे हैं, को इस योजना की सलाह देना भी सवाल उठाता है। यह बात हास्यास्पद और अमानक प्रतीत होती है। गांव के लोगों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है और रामबाई को उनके पद से हटाने की अपील की है। स्थानीय नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इस मामले की जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया है। यह मामला अब प्रशासनिक और सरकारी अधिकारियों के समक्ष है, जो आशा है कि इस पर शीघ्र कार्रवाई करेंगे ताकि अन्य स्थानों पर भी ऐसे काले कारनामों की पुनरावृत्ति न हो सके।

# चांदा सिल्वर फॉल बना आकर्षण का केंद्र, दूर-दूर से पहुंच रहे पर्यटक

## जान जोखिम में डालकर ले रहे सेल्फी



**पवई।** पवई से 10 किलोमीटर दूर पन्ना कटनी मार्ग पर चांदा सिल्वर फॉल बारिश के दिनों में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बीते दो दिनों से हो रही जोरदार बारिश की वजह से झरने में पानी का बहाव अत्यधिक हो गया है ऐसे में पवई नगर सहित क्षेत्र एवं आसपास के जिलों से भी लोग घूमने और पिकनिक मनाने अपने परिवार और दोस्तों के साथ पहुंच रहे हैं और जान जोखिम में डालकर सेल्फी लेते हुए भी नजर आ रहे हैं। ऐसे में शासन प्रशासन को ध्यान देना होगा। यहां किसी गार्ड की व्यवस्था की जाए साथ ही बाउंड्री भी किया जाए ताकि लोगों को सिल्वर फॉल के पास में जाने से रोका जा सके और अप्रिय घटना ना हो।

# कलेक्टर के निर्देश पर विद्यालयों में लगेंगे आधार शिविर

**पन्ना।** जिले के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आधार नामांकन और बायोमैट्रिक अपडेशन के लिए विद्यालयों में आधार शिविर लगाए जाएंगे। कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर विशेष रूप से 5 से 7 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों के आधार का व्यवस्थित रूप से समय पर नामांकन व अपडेट सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चिन्हांकित शासकीय विद्यालयों में आधार शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में समस्त नजदीकी विद्यालयों के विद्यार्थियों के अनिवार्य बायोमैट्रिक एवं मोबाइल नंबर अपडेशन कार्य भी आवश्यकतानुसार कराया जा सकेगा। इस संबंध में जिला कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को संबंधित स्कूल प्राचार्यों को आवश्यक निर्देश जारी करने तथा टीम गठन कर निर्धारित तिथियों पर आधार शिविर में आवश्यक समन्वय के लिए निर्देशित किया गया है। संबंधित विद्यालय में शिविर आयोजन के लिए स्थल चयन और फर्नीचर व विद्युत आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराकर छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त जरूरतमंद छात्रों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सभी स्कूल प्रभारियों को आधार में सुधार वाले विद्यार्थियों के आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पहचान पत्र, पते का प्रमाण इत्यादि का एक रूप में सुधार कर कैंप दिवस के पूर्व एकत्र कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

जिले के समस्त विकासखण्ड के चयनित 25 विद्यालयों में आगामी 5 से 31 अगस्त तक आधार शिविर लगाए जाएंगे। अजयगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत 5 एवं 6 अगस्त को शासकीय हाईस्कूल चंदौरा में, 8 एवं 9 अगस्त को शासकीय उ.मा. विद्यालय सब्दुआ में और 12 एवं 13 अगस्त को शासकीय उ.मा. विद्यालय सिंहपुर में शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह गुनौर विकासखण्ड अंतर्गत 5 एवं 6 अगस्त को शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय अमानगंज और शासकीय उ.मा. विद्यालय पटनातमोली में, 8 एवं 9 अगस्त को शासकीय उ.मा. विद्यालय कमताना और शासकीय उ.मा. विद्यालय सलेहा में तथा 12 एवं 13 अगस्त को शासकीय उ.मा. विद्यालय महेवा और शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय गुनौर में शिविर आयोजित होंगे। पन्ना विकासखण्ड अंतर्गत 5 एवं 6 अगस्त को शासकीय आर.पी. उ.मा. विद्यालय क्रमांक 2 में, 8 एवं 9 अगस्त को शासकीय हाईस्कूल रक्सेहा में, 12 एवं 13 अगस्त को शासकीय कन्या मनहर उ.मा. विद्यालय में और 21 एवं 22 अगस्त को शासकीय उ.मा. विद्यालय बराछ में शिविर का आयोजन किया जाएगा। पवई विकासखण्ड अंतर्गत 5 एवं 6 अगस्त को शासकीय उ.मा. विद्यालय टिकरिया में, 8 एवं 9 अगस्त को शासकीय उ.मा. विद्यालय हथकुरी में, 12 एवं 13 अगस्त को शासकीय उ.मा. विद्यालय कृष्णगढ़ में, 21 एवं 22 अगस्त को शासकीय उ.मा. विद्यालय कल्दा में, 27 एवं 28 अगस्त को शासकीय उ.मा. विद्यालय सिमरिया में और 30 एवं 31 अगस्त को शासकीय उ.मा. विद्यालय सुनवानी कला में शिविर लगेंगे, जबकि शाहनगर विकासखण्ड अंतर्गत 5 एवं 6 अगस्त को शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय शाहनगर में, 8 एवं 9 अगस्त को शासकीय उ.मा. विद्यालय बिसानी में, 12 एवं 13 अगस्त को शासकीय उ.मा. विद्यालय बोरी में, 21 एवं 22 अगस्त को शासकीय हाईस्कूल मैन्हा में, 27 एवं 28 अगस्त को शासकीय उ.मा. विद्यालय रैपुरा में और 30 एवं 31 अगस्त को शासकीय उ.मा. विद्यालय बघवार में आधार शिविर का आयोजन किया जाएगा। समस्त विकासखण्ड के लिए आधार ऑपरेटर भी नियुक्त किए गए हैं। अजयगढ़ विकासखण्ड के लिए रामओकेश विश्वकर्मा 9981896680, गुनौर विकासखण्ड के लिए अंशु विश्वकर्मा 6263209759 एवं मिथला सिंगरौल 8109495988, पन्ना विकासखण्ड के लिए अर्चना मजूमदार 8815047099, पवई विकासखण्ड के लिए आशीष पटेल 7879876964 और शाहनगर विकासखण्ड के लिए रामपाल पटेल 9301343284 को ऑपरेटर नियुक्त किया गया है।

# वर्षाकाल में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रखें सावधानी, लापरवाही पर परमिट होगा निरस्त

### रपटा एवं पुलिया के ऊपर पानी हो तो बस का संचालन न करें



**सीधी।** जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि अति वर्षा में छोटे पुल का डूब जाना तथा रपटो के ऊपर पानी का आ जाना, वर्षा के समय सड़क में फिसलन हो जाना तथा रोड की साइड क्षतिग्रस्त हो जाना आदि के कारण यात्री बस के संचालन में सावधानी की आवश्यकता है। इस विषय पर बस आपरेटर यूनियन एवं आटो यूनियन के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में परिवहन विभाग की टीम रही। इस बैठक में बस आपरेटर यूनियन एवं ऑटो यूनियन के पदाधिकारी बस संचालक तथा ऑटो संचालक सम्मिलित हुए। बैठक में निर्देश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में पुलिया या रपटों के ऊपर पानी होने पर बस निकालने का प्रयास नहीं करना है। बस की फिटनेस की जांच कर उसे व्यवस्थित करना है तथा बसों में ओवरलोडिंग नहीं करना है। बस का संचालन परमिट में दिए गए समय पर ही करना है। घाटियों वाले मार्ग पर बस की गति को नियंत्रित रखना है। बैठक में सावधानी पूर्वक बस चलाने के निर्देश दिए गए। यात्री बस के संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही करने पर कड़ी करवाई की जाएगी तथा संबंधित बस ऑपरेटर का परमिट निरस्त किया जावेगा तथा लापरवाही पूर्ण संचालन पर प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

# जिले में औसत वर्षा 568 मि.मी. दर्ज, कुसमी में सर्वाधिक वर्षा

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 04 अगस्त को सीधी जिले में 107.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 136.5 मि.मी., चुरहट में 132.0 मि.मी., गोपद बनास में 104.2 मि.मी., सिहावल में 91.2 मि.मी., बहरी में 105.8 मि.मी., मझौली में 68.0 मि.मी. और कुसमी में 116.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 568 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 04 अगस्त तक तहसील कुसमी में सर्वाधिक वर्षा 730.0 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 667.7, चुरहट में 466.8, गोपद बनास में 518.0, सिहावल में 538.2, बहरी में 483.4 और मझौली में 572.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 432.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 135.3 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# विद्युत पेंशनरों की बैठक 7 अगस्त को

**सीधी।** जिले के विद्युत पेंशनरों को अवगत कराया जाता है कि दिनांक 7 अगस्त को विद्युत पेंशन की बैठक बुलाई गई है यह बैठक कैंपिंग हाउस श्रम कल्याण भवन सीधी में 12ः00 बजे से बुलाई गई है सभी विद्युत पेंशनरों से अनुरोध है कि नियत समय पर पहुंचने का कष्ट करें साथ विद्युत पेंशन को अवगत कराया जाता है कि 30 जून को काल्पनिक वेतन वृद्धि का आदेश लगभग 17 विद्युत पेंशन का हो चुका है अत: अपना आदेश की प्रतिबिंब प्राप्त कर सकते हैं इसलिए सभी विद्युत पेंशनरों से अनुरोध है कि नियत समय पर पहुंचने का कष्ट करें इसके अतिरिक्त विद्युत पेंशन को यह भी अवगत कराया जाता है कि मध्य प्रदेश शासन के द्वारा जुलाई 2023 से चौथा वेतनमान का आदेश जारी किया गया है जबकि सभी पेंशन अर्स वर्ष 2016 से जो रिटायर हुए हैं इसके लिए हकदार है इसलिए ज्यादा से ज्यादा विद्युत पेंशन बैठक में उपस्थित होंगे वर्ष 2016 से चौथा वेतनमान लागू करने के लिए रणनीति भी तैयार की जाएगी।

# डायरिया की चपेट में आए मां समेत 2 बच्चों की मौत, कई घायल, इलाज जारी

### चितरंगी ब्लॉक के खम्हरिया कला गांव सागो टोला की घटना



**सिंगरौली।** भीषड उमस भरी गर्मी के बाद बरसात होते ही ग्रामीण इलाकों से डायरिया महामारी के प्रकोप की घटनाएं भी निकलकर प्रकाश में आने लगी है। ताजा मामला जिले के चितरंगी ब्लॉक अंतर्गत खम्हरिया कला गांव के सागो टोला से निकलकर प्रकाश में आया है। जहां एक साकेत परिवार डायरिया महामारी की चपेट में आया है। जिसकी वजह से मां समेत दो बच्चो की मौत हुई है। हासिल जानकारी के मुताबिक चितरंगी ब्लॉक अंतर्गत खम्हरिया कला गांव के सागो टोला में डायरिया महामारी का प्रकोप बहुत तेजी से फैला हुआ है। जिसकी चपेट में रमेश साकेत नामक व्यक्ति का परिवार आया है। सूत्रों की मानें तो डायरिया की चपेट में आए रमेश साकेत का बच्चा शिवनंदन साकेत उम्र 3 वर्ष,बच्ची विधी साकेत उम्र 5 वर्ष पूरी तरह से प्रभावित हुए है। वहीं नकझर गांव निवासी रमेश की एक महिला रिश्तेदार भी चपेट में आई है। जो घूमने के उद्देश्य से आई हुई थी। वो भी उक्त बीमारी की चपेट में आ गई है। रविवार की सुबह 08ः39 पर घटना की जानकारी 108 कंट्रोल रूम भोपाल को प्राप्त हुई है। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और आनन फानन में जानकारी लगते ही देवसर से 108 एंबुलेंस के साथ-साथ एक और एंबुलेंस में ड्यूटी पर तैनात ईएमटी शिव द्विवेदी, डीडी मिश्रा, पायलट कौशल प्रसाद व सेवालाल पनिका रवाना हुए। जिन्हे शासकीय अस्पताल देवसर मे भर्ती कराया गया है। जहां इलाज जारी है। सूत्र बताते है कि सोनाली साकेत पत्नी रमेश साकेत उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम खम्हरिया कला,शिवम साकेत पुत्र रमेश साकेत उम्र 5 वर्ष निवासी ग्राम खम्हरिया कला, शिवचरन साकेत पुत्र रमेश साकेत उम्र 7 माह निवासी ग्राम खम्हरिया कला की मौत हो गई है।

### इनका कहना है

जानकारी मिली है की चितरंगी के खमरिया के सागो टोला में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। गांव में स्वास्थ्य टीम भेजी गई है हैंड पंप का सैंपल भी लिया गया है। पानी के वजह से यह घटना नहीं हुई है। स्वास्थ्य टीम के बताएं अनुसार यह फूड प्वाइजनिंग है। मरीज का उपचार किया जा रहा है।

**डां एनके जैन**
**सीएमएचओ सिंगरौली**

# अमलोरी बस्ती के प्रभावितों को उचित मुआवजा देकर स्थाई निराकरण करें अन्यथा होगा आंदोलन: राम शिरोमणि



**सिंगरौली।** बारिश होने के कारण रिलायंस ओबी कंपनी के मलवा गिरने से अमलोरी बस्ती के लोगो का जन जीवन प्रभावित हो जाने से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम शिरोमणि शाहाबाल से लगाई मदद की गुहार ,उनके हाल जानने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष राम शिरोमणि शाहाबाल एवं संगठन मंत्री अधिवक्ता उसैद हसन सिद्दीकी सामुदायिक भवन नवगढ़ में पहुंचे प्रभावित अमलोरी बस्ती के आमजन के द्वारा मदद की गुहार लगाते हुए बताया गया कि अत्यधिक बारिश होने के कारण रिलायंस ओबी कम्पनी का डंप किया हुआ मलवा हम लोगों के खेत घर में घुस गया और आने जाने का रास्ता भी अवरुद्ध हो गया है और यह बारिश के समय हर वर्ष होता है जिससे हम लोगों के साथ कभी भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है प्रशासन एवम कम्पनी हम लोगों को उचित मुआवजा देकर कहीं दूसरे जगह उचित स्थान दे तत्पश्चात प्रदेश उपाध्यक्ष राम शिरोमणि शाहवल के द्वारा जिला कलेक्टर सिंगरौली एवं उपखंड अधिकारी सिंगरौली से फोन से संपर्क किया और उक्त घटना के बारे में बताकर अमलोरी बस्ती के प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा दे कर कहीं अन्यत्र उचित स्थान में बसाहट के लिए स्थाई उपचार के लिए निवेदन किया जिस पर उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली के द्वारा आश्वासन दिया गया कि रिलायंस अधिकारी के प्रमुख जैसे ही आ जाएंगे कलेक्टर से चर्चा करके निश्चित रूप से स्थाई निराकरण किया जाएगा।

# एनसीएल में कोयला चोरी की नही रुक रही घटनाएं, छापेमारी में 10 टन अवैध कोयला जप्त

**सिंगरौली**

एनसीएल परियोजनाओं में अर्शे से हो रही कोयला की चोरी रूकने का नाम नहीं ले रहा है। जबकि पुलिस अधीक्षक सिंगरौली द्वारा जिले में हो रहे सारे अवैध कार्यो पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश समस्त थाना प्रभारियों को दिए गए हैं। बावजूद कोल माफिया परियोजनाओं में हावी है। चाहे वह नवानगर हो या मोरवा गोरबी क्षेत्र हो कोल माफियाओं का जाल बिछा हुआ है, जो जिले में एक बड़े स्तर पर चोरी के कोयले की तस्करी कर रहे है। जिस पर अंकुश लगाने हेतु जिला पुलिस लाख दावे कर ले, फिलहाल नाकाम है। जिसका



जीता जागता उदाहरण है कि खनिज अमला द्वारा आए दिन कोयला हो या रेत का अवैध भंडारण छापेमारी कर बराबर पकड़ा जा रहा है। लेकिन ताज्जुब तो तब होता है कि यह सब काफी लंबे समय से योजनाबद्ध तरीके से चल रहा है, फिर भी पुलिस को कानों कान भनक तक नहीं लगती है।

ऐसा ही एक मामला नवानगर थाना क्षेत्र के एनसीएल अमलोरी परियोजना का सामने आया है। जिसमें खनिज निरीक्षक कपिलमुनि शुक्ला ने अपने अमले के साथ नवानगर पुलिस के सहयोग से दो अलग अलग जगहों पर छापेमार कार्यवाई करते हुए कुल दस टन कोयला जप्त किया है जो एक अमलोरी महुआ मोड़ के निचे शमसान घाट और दूसरा भरूहा गांव के एक झाड़ी में छिपाया गया था जिसे खनिज निरीक्षक कपिलमुनि शुक्ला द्वारा लावारिस कोयले को जप्त कर सुरक्षार्थ नवानगर थाना में रखवाया गया। प्रकरण खनिज नियमो के तहत तैयार किया जाकर कार्यवाही हेतु कलेक्टर समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। खनिज विभाग के उक्त कार्यवाई से माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

# खुटार पुलिस ने नाबालिक बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता सिंगरौली के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर केके पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह परिहार की सतत् निगरानी में चौकी प्रभारी खुटार सुधाकर सिंह परिहार व पुलिस टीम को आरोपी को गिरफ्तार करने की सफलता मिली है। पुलिस के बताए अनुसार आवेदिका काल्पनिक नाम ( मोहिनी ) उम्र 15 वर्ष निवासी हरैया थाना बैढ़न जिला सिंगरौली अपने पिता के साथ आकर आरोपी अखिलेश पाल के विरुद्ध थाना बैढ़न में रिपोर्ट दर्ज कराया। जिसके विरुद्ध थाना बैढ़न मे बीते 27 जुलाई को धारा 65(1) बीएनसी एवं 3,4(2) पोक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया था जो घटना दिनांक से फरार आरोपी अखिलेश पाल को दिनांक 2/8/24 को बरगवां से गिरफ्तार किया गया। डीएनए परीक्षण एवं मेडिकल परीक्षण के बीते 3 अगस्त को माननीय न्यायालय पेश कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे चौकी प्रभारी खुटार उप निरीक्षक सुधाकर सिंह परिहार, सहायक उप निरीक्षक विश्वनाथ रावत, प्रधान आरक्षक गणेश मीणा, प्रधान आरक्षक कुलदीप शर्मा, आरक्षक गौरव यादव , आरक्षक अभिषेक कुमार एवं आरक्षक उमेश कुमार का योगदान रहा।

# नगर निगम प्रशासन की मनमानी, सरकारी दफ्तरो के बीच नाले में ठोक दिया सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

### प्राकृतिक नाले को बना दिया नाली, एनजीटी का आदेश भी नही मानता है नगर निगम प्रशासन

**सिंगरौली।** माजन कला जुड़वाँ तालाब मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल(एनजीटी) की कड़ी फटकारों को दरकिनार कर नगर निगम सिंगरौली प्रशासन एक और मनमानी करने से बाज नहीं आया है। सरकारी दफ़्तरो और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायलय के सामने बीच प्राकृतिक नाले में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट ठोकने से भी बाज नहीं आया है। प्राकृतिक नाला में ट्रीटमेंट प्लांट बनने से एक ओर पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय में पहले ही वारिश का पानी घुसने का खतरा मँडराने लगता है वही प्लांट चालू होने के बाद इसके दुर्गन्धि से दफ़्तरो में



बैठना भी मुश्किल हों जायेगा।

बताया जाता है कि नगर निगम प्रशासन नें अमृत योजना के तहत बैढ़न जिला पंचायत मार्ग के पास माजन नाला सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बना रहा है। जिसमे शहर के घरों के टायलेट और नालियों से निकलने वाले गन्दे पानी को ट्रीटमेंट कर आगे नाले में छोड़ा जायेगा। बताया जाता है कि नगर निगम प्रशासन जिस नाला में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बना रहा है वही पर कई प्रमुख विभागों के कार्यालय संचालित है,वही जिला एवं सत्र न्यायलय का बहु प्रतिक्षित बहु मंजिला भवन निर्माणाधीन है, वह भी साल दो साल में न्यायालय संचालित हों जायेगा द्य अभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, वन मंडल अधिकारी, सीईओ जिला पंचायत, लोक निर्माण विभाग, व्यापार और उद्योग विभाग, किशोर न्याय बोर्ड और दिव्यांगों का हॉस्टल एसपी कार्यालय, एसडीएम व तहसीलदार कार्यालय भी संचालित हों रहा है द्य बताया जाता है कि सरकारी कार्यालयों के बिचोबीच प्राकृतिक नाला में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट अपनी पूरी क्षमता से जब चालू होगा तो उसके दुर्गन्ध से दफ़्तर में बैठना तो दूर उस मार्ग से गुजरना भी मुश्किल हों जायेगा द्य लेकिन नगर निगम के आयुक्त, इजीनियर और निर्माण कम्पनी भविष्य की ओर तनिक भी नहीं सोचा है।

# सीएम हेल्प लाईन की रैकिंग में ग्रेड ए के साथ दूसरे स्थान नगर निगम सिंगरौली

### आयुक्त नगरीय निकाय ने निगम आयुक्त डीके शर्मा को भेजा बधाई पत्र

**सिंगरौली।** प्रदेश में नागरिको के शिकायतों के त्वारित एवं संतुष्टि से निराकरण हेतु राज्य शासन द्वारा 181 सीएम हेल्प लाईन का संचालन किया जा रहा है। सीएम हेल्प लाईन के माध्यम से नागरिको द्वारा अपनी समस्याओ के तुरंत निराकरण हेतु शिकायत दर्ज कराई जाती है। जिसका संबंधित विभाग द्वारा निराकरण किया जाता है। जुलाई माह की राज्य स्तर पर जारी होने वाली सीएम हेल्प लाईन रैकिंग में नगर निगम सिंगरौली ने आयुक्त डी.के शर्मा के नेतृत्व में 95.19 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान प्राप्त किया द्य जिसके चलते संचालक नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त द्वारा जुलाई माह में जारी सीएम हेल्प लाईन की रैकिंग में 'ए' ग्रेड प्राप्त करने पर बधाई पत्र भेजा गया है। उन्होंने कहा कि सी.एम. हेल्पलाइन (181) में दर्ज शिकायतों का आपके द्वारा व्यक्तिगत रुचि लेते हुए निराकरण कराया जा रहा है। नगर पालिक निगम सिंगरौली द्वारा नगर निगमों की श्रेणी, अंतर्गत सी.एम. हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माह जुलाई 2024 में 95.19 प्रतिशत वेटेज स्कोर प्राप्त कर ए-ग्रेड के साथ प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

# रिलायंस कंपनी की ओबी का कहर, बर्बाद हो गए किसान

### ओवर बर्डन के मलबे में फंसे आधा सैकड़ा लोग, प्रशासन ने रेस्क्यू कर निकाला बाहर, ग्रामीणों को सामुदायिक भवन बना शहर,10 एकड़ से अधिक जमीन हुई बंजर



**सिंगरौली।** जिले में दो दिन से हो रही बारिश ने रिलायंस कोल ब्लॉक मुहेर की पोल खोल कर रख दी। देर रात बारिश के साथ कोल माइंस मुहेर खदान का ओवर बर्डन मिट्टी, डस्ट, और मलवा बह कर नगर निगम क्षेत्र के बार्ड 45 अमलोरी के आधा दर्जन घरों सहित 10 एकड़ से अधिक खेतों में पहुंच गया है. खेतो और घरों में करीब 5 फीट मिट्टी जमा होने से बच्चे, बूढ़े, नौजवान और महिला घरों में फंस गए। जबकि मवेशियों को लोगों ने खुला छोड़ दिया ताकि बेजुबानों की जान बच सकें हालांकि खबर लगने के बाद आनन फानन में जिला प्रशासन और रिलायंस कंपनी ने रात 12 बजें रेस्क्यू कर लोगों को वहां से निकाल कर अमलोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रुकवाया। लोग आधी रात अपने आशियाने को छोड़ सामुदायिक भवन में रूकने को मजबूर हैं। बता दें कि रिलायंस कोल माइंस मुहेर खदान का ओवर बर्डन (मिट्टी, डस्ट, और मलवा) अमलोरी के आसपास डंप कर रखा था. जो बारिश के पानी के साथ बहकर लोगों के घरों और खेतों में पहुंच गया। खेतों में मलबा आने से धान , तिल, मक्का और सब्जियों की खेती पूरी तरह से चौपट हो गई है. कई सालों से ओवर बर्डन से लगी जमीनों में किसान खेती करने से डरने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाए की यह कोई पहली मर्तबा नहीं है जब रिलायंस की वह भी वह कर लोगों के खेतों और घरों में पहुंची है इसके पहले भी हर बारिश में केमोन बेस यही हाल होता है लेकिन रिलायंस प्रबंधन ओवर वर्डन से प्रभावित क्षेत्रों के लोगों की जमीन अधिग्रहित कर रहा ना ही ओवर बर्डन को रोकने के लिए कोई प्रबंध कर रहा। वहीं इस मामले में रिलायंस कोल माइंस के अधिकारी मामले को दबाने में लगे हुए है. जबकि जिला प्रशासन के अधिकारी मीडिया के सवालों का जवाब देने से बच रहे हैं।

बीते 10 सालों से लगातार बारिश के दिनों में रिलायंस कंपनी का ओवर बर्डन मिट्टी बारिश से स्लाइड होकर लोगों के घरों और खेतों तक पहुंच रही है बावजूद इसके मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए रिलायंस कंपनी ने ना तो रिटर्निंग बाल बनाया और ना ही मिट्टी से बने पहाड़ में पेड़ पौधे लगाए। लिहाजा बारिश होने से मिट्टी का तेज कटाव होता है। और पानी के साथ लोगों के घरों और खेतों में 5 से 6 फीट तक मिट्टी जमा हो गई है जिससे लोगों के खेत बंजर हो गए हैं।

### इनका कहना है

*रिलायंस कंपनी की मिट्टी हर साल घर और खेत में पहुंचता है लेकिन कंपनी प्रबंधन मनमानी कर रहा है। रात 12ः00 बजे हमें घर से निकाल कर सामुदायिक भवन में रखा गया है। हमारा सब कुछ तबाह हो चुका है।*

**तिलकधारी ग्रामीण अमलोरी**

*किसानों की सैकड़ो एकड़ की खेती बर्बाद हो गई है,जिला प्रशासन रिलायंस के इशारों पर काम कर रहा है। रिलायंस कंपनी यहां के लोगों की जान लेने के लिए आतुर है और सरकार चुप्पी साधे हैं।*

**मनोज साह, प्रदेश उपाध्यक्ष,**
**मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग**

कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व,
शिवाजी नगर, नौढ़िया, जिला-सीधी, 486661, (मध्य प्रदेश)
फोन नम्बर-7822297542
E.mail. fdsajnp.sdh@mp.gov.in, fdsanjay_tr@rediffmail.com , website. www.sanjaytigerreserve.in

क्र./ई-निविदा/2024/ 4831 सीधी दिनांक 29/07/2024

-: ई-निविदा सूचना :-

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व, सीधी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में भवन निर्माण /मरम्मत , पुलिया, रपटा, चेकडेम निर्माण मरम्मत के लिये शासकीय कार्यो हेतु निम्नांकित सामग्री के लिये वाणिज्यिक कर अधिनियम के तहत् पंजीकृत, प्रतिष्ठित निर्माताओं तथा अधिकृत विक्रेताओं से मोहन, पोंड़ी, दुबरी, बस्तुआ, ब्यौहारी बफर, मड़वास बफर, टमसार बफर, भुईमाड़ बफर, सोनघड़ियाल अभयारण्य सीधी , सोनघड़ियाल अभयारण्य चितरंगी , सोनघड़ियाल अभयारण्य रामपुर नैकिन , बगदरा अभयारण्य सीधी के लिये ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | ईट पक्की (गुटका) 9"x 4"x4" | 170000 नग |
| 2 | फ्लाई एस. ईट 8"x 4"x4" | 60000 नग |
| 3 | रेत (बालू) | 600 घ.मी. |
| 4 | गिट्टी 20,40 एमएम | 500 घ.मी. |
| 5 | लोहा/सरिया 8,10,12 एमएम | 18000 कि.ग्रा. |
| 6 | सीमेन्ट (ISI Mark 53-Grade ) मेजर प्लांट | 20000 बैग (50Kg Wt.) |
| 7 | हार्ड मुरूम | 400 घ.मी. |
| 8 | स्टोन डस्ट (राखड़) | 350 घ.मी. |
| 9 | स्ट्रेक्चर स्टील (ISI Mark) | 30 क्विंटल |
| 10 | बाईडिंग वायर | 300 कि.ग्रा |
| 11 | अनगढ़ा पत्थर | 400 घ.मी. |
| 12 | फर्स टाईल्स 600 mm ×600mm×9mm प्रति वर्ग फिट | 525 वर्ग फिट |
| 13 | बाथरूम फ्लोर टाइल्स 30×30cm प्रति वर्ग फिट | 2000 वर्ग फिट |
| 14 | बाथरूम वाल टाइल्स 45×30cm प्रति वर्ग फिट | 2000 वर्ग फिट |
| 15 | इमल्सन पेन्ट अंदर दीवार हेतु | 4000 लीटर |
| 16 | इमल्सन पेन्ट बाहरी दीवार हेतु | 4000 लीटर |
| 17 | पेन्ट हरा, लाल, सफेद, ब्राउन | 2000 लीटर |
| 18 | चौखट सालवुड-दरवाजा मय पल्ला | 3'6"×7'0"=15 Nos<br>2'9"×7'0"=20 Nos |
| 19 | लकड़ी सालवुड की खिड़की मय पल्ला | 5'0"×4'6"=15 Nos<br>4'0"×4'6"=10 Nos<br>3'0"×4'6"=05 Nos |

इस निविदा के लिये दिनांक 11.08.2024 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे है। टेण्डर की विस्तृत जानकारी **https://mptenders.gov.in/** के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 27.08.2024 समय शाम 3.00 तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 29.08.2024 को दोपहर 3.00 बजे रहेगी। उक्त निविदा वन विभाग की ऑफिशियल वेबसाईट **https://mpforest.gov.in/** पर भी देखी जा सकेगी।

जी-14517/24

उप संचालक
संजय टाईगर रिजर्व, सीधी

## संपादकीय

### एक और जंग की आहट

पश्चिम एशिया में एक बड़े युद्ध का तनाव इतना बढ़ गया है कि उसकी आंच भारत तक पहुंचने लगी है। यह गौर करने की बात है कि इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव के चलते एअर इंडिया ने शुक्रवार को इजरायल के तेल अवीव से आने और जाने वाली अपनी सभी उड़ानों को 8 अगस्त तक के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। क्या भारत सरकार को कोई खुफिया सूचना मिली है? क्या ईरान या इजरायल से चेतावनी आई है? एक हद तक इन दोनों ही देशों से भारत के ठीकठाक कामकाजी संबंध हैं, अत- भारत के पास अगर युद्ध की पूर्व सूचना आई हो, तो आश्चर्य नहीं। अगर युद्ध की आशंका न हो, तो एअर इंडिया के ताजा कदम को कैसे समझा जाए? ध्यान देने की बात है, फलस्तीन के नाम पर संघर्ष कर रहे आतंकी संगठन हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हनियेह की 31 जुलाई को ईरान में हत्या कर दी गई थी, जिसका आरोप सीधे इजरायल पर लगाया गया था। यह बात भी गौर करने की है कि ईरान ने हनियेह के खून का बदला लेने की कसम खाई है। ईरान की नाराजगी को इस बात से समझा जा सकता है कि ईरान में इजरायल की यह कोई पहली हिंसक कार्रवाई नहीं है। वास्तव में, इजरायल ने अपने लोगों की हत्या का बदला लेने के लिए अभियान छेड़ रखा है। गुरुवार 1 अगस्त को ही इजरायली रक्षा बलों ने हमास के सैन्य प्रमुख मोहम्मद दैफ की मौत की पुष्टि की है, जिसे इजरायल 7 अक्तूबर के हमले का मास्टरमाइंड मानता है। आशंका है कि गाजा में ताजा जंग को हमास के इस सैन्य प्रमुख ने ही अंजाम दिया था। खबर आई है कि उसे गाजा में ही 13 जुलाई को मार दिया गया था। लगातार बदले से केवल ईरान ही नहीं, अन्य इस्लामी देशों में भी आक्रोश का आलम है। अरब देशों के अलावा चीन और पाकिस्तान ने भी प्रमुखता से इजरायल की निंदा की है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खामेनेई जिस तरह से आक्रामक बयान दे रहे हैं, उससे भी युद्ध की आशंका को बल मिल रहा है।

# उत्तर पूर्व के साथ एकीकरण से उत्तर बंगाल के विकास की राह होगी आसान

**बुनियादी ढांचे को बढ़ाकर और इसे उभरते ट्रांस-एशियाई कनेक्टिविटी नेटवर्क से जोड़कर दक्षिण पूर्व एशिया के लिए एक पुल के रूप में सिलीगुड़ी कॉरिडोर का विकास समय की मांग है, लेकिन यह तभी संभव हो सकता है, जब उत्तर बंगाल स्वतंत्र रूप से संसाधनयुक्त होगा। दुनिया भर में राजनीतिक सीमाओं से विभाजित उप-क्षेत्रों के भीतर आर्थिक तालमेल पुनर्जीवित हो रहा है। सामान्य बुनियादी ढांचा और आर्थिक स्थान, जो इस निकटता को स्वीकार करते हैं, निश्चित ही, यह बेहतर व्यवस्था की नींव हैं। समग्र उत्तर पूर्व की अवधारणा इसी तर्क की स्वीकृति है।**

(हर्षवर्धन श्रृंगला )

उत्तर बंगाल का एक बड़ा हिस्सा सिलीगुड़ी कॉरिडोर द्वारा परिभाषित किया गया है, जो पश्चिम बंगाल में एक प्रमुख शहरी केंद्र है, जो 'चिकन नेक' के पास स्थित होने के कारण रणनीतिक रूप से अत?यंत महत्वपूर्ण है। यह उत्तर-पूर्वी राज्यों को शेष भारत से जोड़ता है।

उत्तर-पूर्वी परिषद में उत्तर बंगाल के एकीकरण को लेकर हालिया चर्चा कोई नई बात नहीं है। दरअसल, इस धारणा ने हाल के दिनों में नए सिरे से लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। वास?तव में, उत्तर पूर्व के साथ उत्तर बंगाल एकीकरण एक व?यवहारिक समाधान है, जो उत्तरी बंगाल के लोगों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों का समाधान करता है। निश्चित ही, इस क्षेत्र को लंबे समय से उपेक्षित रखा गया है, क?योंकि पश्चिम बंगाल में विकास कोलकाता-केंद्रित है, जिसका लाभ केवल दक्षिण बंगाल को मिल रहा है।

दरअसल, सम?प्रदायों द्वारा ध?यान नहीं दिए जाने की वजह से उत्तर बंगाल को राज्य के बाकी हिस्सों से अलग करना क्षेत्र के लोगों का पसंदीदा विकल्प रहा है। परिणामस्वरूप, उत्तर बंगाल में पश्चिम बंगाल से अलग होने की मांग को लेकर कई राजनीतिक आंदोलन देखने को मिलते रहे हैं। गोरखाओं, राजवंशियों और कामतापुरी द्वारा अलग राज्य की मांग पश्चिम बंगाल के कुछ उपेक्षित समुदायों की हताशा को दर्शाती है, जबकि अलग राज्य की मांग उत्तरी बंगाल के विभिन्न समुदायों की प्रबल इच?छा है, हालांकि यह एक जटिल मुद्दा है, क?योंकि प्रत्येक समुदाय पहचान और आत्म-स्वायत्तता की अलग-अलग भावनाएं रखता है। इसलिए, वर्तमान परिपेक्ष?य में उत्तर-पूर्वी परिषद में उत्तर बंगाल के एकीकरण को वहां के लोगों के सामने आने वाली आर्थिक चुनौतियों के लिए एक आशाजनक समाधान के रूप में देखा जाना चाहिए।

गंगा के उत?तर में स्थित राज?य के आठ जिलों- दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, कूच बिहार, मालदा, उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण दिनाजपुर और अलीपुरद्वार को अक्सर सामूहिक रूप से उत्तर बंगाल कहा जाता है।



ऐतिहासिक दृष्टि से, यह क्षेत्र पूर्वी भारत और पवित्र गंगा के मैदान के बीच एक संक्रमणकालीन क्षेत्र था। विभाजन के साथ, पूर्वी भारत कई तरह की चुनौतियों वाला क्षेत्र बन गया। दूरी और कई अन?य चुनौतियों की वजह से यहां कई तरह के प्रतिकूल आर्थिक परिणाम देखने को मिले, हालांकि उत?तरी बंगाल के इन जिलों पर विभाजन के प्रभाव का असर दिखा और ये अपनी भौगोलिक सीमाओं से दूर हो गए। ये जिले पश्चिम बंगाल के सबसे उपेक्षित हिस्सों में शामिल हैं, हालांकि यह क्षेत्र रणनीतिक और देश की सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है।

उत्तर बंगाल का एक बड़ा हिस्सा सिलीगुड़ी कॉरिडोर द्वारा परिभाषित किया गया है, जो पश्चिम बंगाल में एक प्रमुख शहरी केंद्र है, जो 'चिकन नेक' के पास स्थित होने के कारण रणनीतिक रूप से अत?यंत महत्वपूर्ण है। यह उत्तर-पूर्वी राज्यों को शेष भारत से जोड़ता है। इस स्थिति की वजह से एक महत्वपूर्ण व्यापार और पारगमन बिंदु के रूप सिलीगुड़ी कॉरिडोर प्रसिद्ध है, जो आर्थिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, हालांकि सुगम परिवहन, पर्याप्त लॉजिस्टिक बुनियादी ढांचे, नियामक बाधाओं और क्षेत्रीय आर्थिक असमानताओं की कमी के कारण यह क्षेत्र अपनी पूरी क्षमता से विकसित नहीं हो पाया है। नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और चीन के पड़ोसी देश सिलीगुड़ी कॉरिडोर, भारत को म्यांमार के माध्यम से दक्षिण पूर्व एशिया और पूर्वी एशिया से जोड़ता है, जो देश के लिए रणनीतिक महत्व रखता है, लेकिन केंद्र और राज्य में समन्वय में कमी की वजह से प्रभावित रहता है। उत्तर पूर्व भारत में बुनियादी ढांचे में बड़े पैमाने पर सुधार सभी के सामने है। बुनियादी ढांचे को बढ़ाकर और इसे उभरते ट्रांस-एशियाई कनेक्टिविटी नेटवर्क से जोड़कर दक्षिण पूर्व एशिया के लिए एक पुल के रूप में सिलीगुड़ी कॉरिडोर का विकास समय की मांग है, लेकिन यह तभी संभव हो सकता है, जब उत्तर बंगाल स्वतंत्र रूप से संसाधनयुक्त होगा। दुनिया भर में राजनीतिक सीमाओं से विभाजित उप-क्षेत्रों के भीतर आर्थिक तालमेल पुनर्जीवित हो रहा है। सामान्य बुनियादी ढांचा और आर्थिक स्थान, जो इस निकटता को स्वीकार करते हैं, निश्चित ही, यह बेहतर व्यवस्था की नींव हैं। समग्र उत्तर पूर्व की अवधारणा इसी तर्क की स्वीकृति है। इस परिप्रेक्ष्य से देखने पर, उत्तर बंगाल को उत्तर-पूर्वी भारत से जोड़ने के लिए जिस सामंजस?य का लाभ लिया जा सकता है, उसका तर्क स्पष्ट है, लेकिन यह समझना मुश्किल है कि उत्तर पूर्व को कूच बिहार की पूर्वी सीमा से क्यों, बल्कि इसकी निर्भरता दार्जिलिंग और डुआर्स के माध्यम से सिक्किम पार करने के बाद फिर से शुरू की जानी चाहिए।

ऐसी व्यवस्थाओं का लाभ उनके उपकेंद्रों के इतर भी देखने को मिलता है। बंगाल हमेशा से एक समुद्री राज्य रहा है। उत्तर पूर्व के साथ भूमि संबंधों को मजबूत किए जाने के बाद पूरे पश्चिम बंगाल के लिए बंगाल की खाड़ी के बड़े क्षेत्र के प्रवेश द्वार के रूप में अपनी ऐतिहासिक भूमिका का विस्तार करने का अवसर पैदा होगा। अंदरूनी इलाके का आर्थिक भार, जिसने कोलकाता और कलकत्ता बंदरगाह को अपने समय के महान आर्थिक केंद्रों में से एक बना दिया था, अब उत्तर पूर्व के साथ इस जैविक संबंध को पुनर्जीवित करके उसे उत्तरी बंगाल के माध्यम से फिर से जागृत करने में मदद मिलेगी। उत्तर पूर्व में बुनियादी ढांचे का विकास और विदेश नीति के नेबरहुड फर्स्ट और एक्ट ईस्ट स्तंभों पर प्रधानमंत्री मोदी का ध्यान उत्तर बंगाल को ऐतिहासिक अवसर प्रदान करता है। उत्तर-पूर्वी परिषद (एनईसी) भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए नोडल एजेंसी है, जिसे भारत के उत्तर-पूर्व के विकास के रास्ते में आने वाली बुनियादी बाधाओं को दूर करने के इरादे से बनाया गया है।

सभी केंद्रीय मंत्रालयों के वार्षिक बजट का लगभग 10 प्रतिशत उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के विकास के लिए आवंटित किया जाता है। उत्तर-पूर्वी राज्यों में विकास की सामान्य बाधाएं उत्तर बंगाल पर भी लागू होती हैं, लेकिन एनईसी का लाभ उत्तर बंगाल और उसके लोगों तक नहीं पहुंचता है। उत्तर बंगाल, जो हिमालय की तलहटी में स्थित है, शेष उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के समान चुनौतियों के बावजूद एनईसी के तहत किसी भी योजना या कार्यक्रम का लाभार्थी नहीं है। उत्तर बंगाल के पहाड़ी क्षेत्रों में पश्चिम बंगाल की तुलना में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के साथ अधिक समानता है, विशेष रूप से संस्कृति और इलाके में समानता के अलावा सामाजिक और विकासात्मक चुनौतियों के मामले में। सभी उत्तर-पूर्वी राज्यों की तरह, उत्तरी बंगाल एक सीमावर्ती क्षेत्र है, जिसके कारण इसे समान विकास और सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में, उत्तर-पूर्वी परिषद के तहत कार्यक्रमों में इसका शामिल होना तार्किक और स्वाभाविक रूप से उचित है। इसके अलावा, उत्तर-पूर्वी राज्यों को अन्य देशों से भी विकासात्मक सहायता मिलती है, लेकिन ये लाभ केवल उत्तर-पूर्व भारत को परिभाषित करने के कारण उत्तर बंगाल तक नहीं पहुंचता है। उदाहरण के लिए, जापान ने 'एक्ट ईस्ट फोरम' के तहत उत्तर पूर्व में बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए लगभग 2 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। भारत के उत्तर पूर्व में जापान द्वारा वित्तपोषित कुछ प्रमुख विकासात्मक परियोजनाओं में गुवाहाटी जल आपूर्ति परियोजना, असम में सीवेज परियोजना, जैव विविधता संरक्षण शामिल हैं। इसके साथ ही, सिक्किम में वन प्रबंधन और नागालैंड में वन संरक्षण आजीविका जैसी परियोजनाएं भी शामिल हैं।

# खुशियों का गोल्ड मेडल चाहिए तो देखें ओलिंपिक्स

14 साल की उस जिमनास्ट ने मॉन्ट्रियल में आयोजित 1976 समर ओलिंपिक्स में जो कमाल किया था, उसका जवाब तब की मशीन के पास भी नहीं था। किसी ने नहीं सोचा था कि कोई जिमनास्टिक्स में परफेक्ट 10 भी स्कोर कर सकता है। रोमानिया की नादिया कोमानेची ने वह भ्रम तोड़ दिया। हालांकि स्कोरबोर्ड इस तरह प्रोग्राम्ड नहीं था कि वह इस स्कोर को दिखा सके। आखिरकार स्कोर डिस्प्ले करना पड़ा 1.00। नादिया ने इंसानी क्षमता के एक नए स्तर को दुनिया के सामने जाहिर किया था। कुछ ऐसा ही कारनामा था उसैन बोल्ट का। किसी के पैर 43.99 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार भी पकड़ सकते हैं, यह दिखाया बोल्ट ने। हमारे महानगरों की सड़कों तक पर ट्रैफिक कभी-कभार ही इस स्पीड से दौड़ पाता है।

हर चार बरस पर होने वाला ओलिंपिक्स केवल खेलों का महायोजन भर नहीं, यह इंसानी हिम्मत, ताकत और क्षमताओं का कड़ा इम्तिहान भी हैं। और इस इम्तिहान में ऐथलीट्स को एक-एक कर चुनौतियों को ढेर करते और सफल होते देखने से अधिक आनंददायक कुछ भी नहीं। मुकाबला हर खेल प्रतियोगिता में देखने को मिलता है और मैदान कोई भी हो, वहां तक पहुंचने के लिए मेहनत और जीतने के लिए जज्बा चाहिए ही। लेकिन, बात ओलिंपिक्स पर आते ही हर चीज पहुंच जाती है नेक्स्ट लेवल पर। करोड़ों बरसों के इवॉल्यूशन से गुजरते हुए इंसान यहां तक पहुंचा है। उसके हर एक पल को निचोड़ कर रख देता है ओलिंपिक्स का मंच। दुनियाभर से आए ऐथलीट्स के बीच रहते हुए उनसे टक्कर लेना और खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करना आसान नहीं। महान मुक्केबाज मोहम्मद अली का कहना था कि अगर आपमें जोखिम लेने का साहस नहीं है तो कुछ हासिल नहीं कर पाएंगे। ओलिंपिक्स वह जगह है, जहां इस तरह के जोखिम बार-बार लिए जाते हैं। बार-बार वह सीमा आगे खिसकती जाती है, जहां तक इंसान पहुंच सकता है। इन कीर्तिमानों को बनते-बिखरते देखने में जो आनंद है, वह कहीं और नहीं आ सकता।

कोई भी दूसरा खेल इतना वैश्विक नहीं जितना ओलिंपिक्स। न ही कोई इतना समावेशी है और न ही चुनौतीपूर्ण होते हुए भी इतना उदार। हर खेल अपने खिलाड़ियों से केवल जीत मांगता है, लेकिन ओलिंपिक्स कहता है कि शामिल होना ही बहुत बड़ी बात है। तभी तो अमेरिकी फिगर स्केटर मिशेल क्वान ने 1998 में रजत पदक जीतने के बाद कहा कि मैंने गोल्ड नहीं गंवाया है बल्कि सिल्वर मेडल जीता है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की गोल्ड मेडलिस्ट तैराक ब्रोंटे बैरेट ने इस भावना को कुछ ऐसे जाहिर किया कि, 'ओलिंपिक्स खेलों का मतलब केवल जीत नहीं है, इसका मतलब है जीतने के लिए प्रयास करना। इसका आदर्श वाक्य है तेज, ऊंचा और मजबूत, न कि सबसे तेज, सबसे ऊंचा और सबसे मजबूत। कभी-कभी प्रयास करना ही मायने रखता है।' कोशिश की आदत को ओलिंपिक्स छूटने नहीं देता, कोई चाहे तो भी नहीं और इन खेलों को देखते हुए इसे आप भी महसूस कर सकते हैं। ओलिंपिक्स असंभव को संभव कर दिखाने वाली जगह है, जहां कोई किम युन-मी बन जाता है, कोई माइकल फेल्प्स, तो कोई इयान मिलर। ये खेल मौका देते हैं इतिहास में नाम दर्ज कराने का और उस लक्ष्य के लिए ऐथलीट्स जी-जान लगा देते हैं। उनके लिए खुद को परखने का सबसे बड़ा मौका होता है ओलिंपिक्स। यही मौका बतौर दर्शक हमारे भी पास है कि हम श्रेष्ठ बनने की उस चाहत से जुड़ सकें। ये खेल अपने पर विश्वास करना सिखाते हैं और बताते हैं कि कुछ भी हमारी पहुंच के बाहर नहीं। गोल्ड मेडलिस्ट स्विमर डॉन फ्रेजर के लिए खेलों की दुनिया में उत्कृष्टता की सबसे सम्मोहक खोज है ओलिंपिक्स। यही खोज हमारे जीवन में भी चल रही है, एक बड़े काम का हिस्सा बनने की, संपूर्णता की, संतुष्टि की, गर्व और आनंद की। अगर आप इसे पूरा करना चाहते हैं तो जुड़ जाइए खेलों के महाकुंभ से।

# शांति के लिए रामबाण औषधि गणपति अथर्वशीर्ष

**आचार्य पं. रामचंद्र शर्मा वैदिक**

मन बड़ा प्रबल है, चंद्रमा मन का कारक है। मन का धर्म संकल्प-विकल्प है। मन ही सारे संसार चक्र को चला रहा है। मूलाधार चक्र में सिद्धि-बुद्धि सहित श्रीगणेश विराजमान हैं। श्रीगणपति अथर्वशीर्ष मनमस्तिष्क को शांत रखने की एकमात्र विद्या है। जिसके सहारे दुःखों की निवृत्ति शीघ्र संभव है, मन का समाहित हो जाना ही परम योग है। ऊं स्वरूप श्रीगणेश आनंदमय, ब्रह्म तथा सच्चिदानंद स्वरूप है। सत्-चित् और आनंद त्रिगुणों से युक्त गणपति सत्ता, ज्ञान और सुख के रक्षक हैं। अ कार गणेशजी के चरण हैं। उ कार विशाल उदर और म कार मस्तक का महामंडल है, परब्रह्म परमात्मा श्रीगणेश निर्माण, निराकार और विश्व व्यापी हैं। गणेश शब्द में ग कार जगद्रूप है तथा णकार ब्रह्मवाचक। इस प्रकार सर्वव्यापक श्रीगणेश परब्रह्मा हैं। ऊंकार यह एकाक्षर स्वरूप भूत, भविष्य तथा वर्तमान सभी ऊंकार स्वरूप है। इस प्रकार गणपति अथर्वशीर्ष में ऊंकार और गणपति दोनों एक ही तत्व है, यह बतलाया गया है। सफलता हेतु कार्यारंभ के पूर्व मात्र श्रीगणेश का स्मरण सभी बाधाओं को दूर करता है। इनकी कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। श्री गणेश कष्टों को निवारण कर बिना भेदभाव के सभी का मंगल करते हैं। श्री गणेश कृपा प्राप्ति हेतु श्री गणपति अथर्वशीर्ष प्रमुख सोपान है, क्योंकि यह उपनिषदों का सार है, इसके पठन एवं श्रवण से सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है। यह मन-मस्तिष्क को शांत रखने की एकमात्र विद्या है। जीवन के कुछ संकट, विघ्न शोक एवं मोह का नाश कर अथर्वशीर्ष पारमार्थिक सुख भी प्रदान करता है। अथर्वशीर्ष शब्द में अ+थर्व+शीर्ष इन शब्दों का समावेश है। अ अर्थात् अभाव, थर्व अर्थात् चंचल एवं शीर्षअर्थात् मस्तिष्क, चंचलता रहित मस्तिष्क, इसका अर्थ हुआ शांत मस्तिष्क। मस्तिष्क को शांत रखने की विद्या स्वयं गणेशजी ने ही अथर्वशीर्ष में बताई है। इसके नित्य एक, पांच अथवा ग्यारह पाठ प्रतिदिन करने का शास्त्रीय विधान है। अथर्वशीर्ष में मात्र दस ऋचाएं हैं। इसमें प्रमुख रूप से बताया गया है कि शरीर के मूलाधार चक्र में स्वयं गणेशजी का निवास है। मूलाधार चक्र शरीर में गुदा के पास है। मूलाधार चक्र आत्मा का भी स्थान है। जो ऊंकार मय है। यहां प्रणव अर्थात् ऊंकार स्वरूप गणेशजी विराजमान है। मूलाधार चक्र में ध्यान की स्थिति सर्वसामान्य होती है, जिससे मन मस्तिष्क शांत रहता है।

## वर्ग पहेली 5452

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | | ■ |
| 6 | | | ■ | 7 | | ■ | 8 |
| | ■ | 9 | | | ■ | ■ | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | 13 | 14 | |
| 15 | | ■ | 16 | ■ | 17 | | |
| ■ | 18 | 19 | ■ | 20 | | | ■ |
| 21 | | | ■ | | ■ | 22 | 23 |
| | ■ | 24 | | ■ | 25 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1965 को इस महिला ने जन्म लिया था जो अंतरिक्ष एजेंसी नासा के माध्यम से अंतरिक्ष जाने वाली भारतीय मूल की दूसी महिली बनीं (7)
6. बुरा लगना, खटकरना (3)
7. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
9. कम उम्र का लड़का (3)
10. कलिंद पर्वत से निकलने के कारण इस नदी का एक नाम कालिंदी भी है (3)
12. सच्चे होने की ताईद करना, सबूत (4)
15. फन, हुनर (2)
16. पृथ्वी, धरती (1)
17. रूठे हुए का प्रसन्न करना, राजी करना (3)
18. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
20. नेपाल-तिब्बत सीमा पर पर्वतों पर आरोहण में निपुण पहाड़ी जन-जाति के लोग (3)
21. बीता हुआ, गया हुआ (3)
22. धोखा देकर माल या असबाब लूटने वाला (2)
24. फटा हुआ कपड़ा, चीथड़ा (2)
25. बल, शक्ति, पावर, दम (3)

**ऊपर से नीचे**

1. सुख देने वाला, सुखदाता (5)
2. श्रीराम की सेना का शिल्पकार वानर (2)
3. लंबाई के बल ताने और चौड़ाई के बुने वाले तागे (4)
4. योग्यता, शालीनता, गुण, सामर्थ्य (4)
5. दो की संख्या, निग्रह (2)
8. धीरे-धीरे आगे बढ़ना, रेंगना, सिखकना (4)
11. मेल-जोल का व्यक्ति (4)
13. युद्ध, लड़ाई (3)
14. नसीरूद्दीन शाह की अभिनेत्री सास (5)
19. ठंडाई पैदा करने वाला (3)
20. झूठी शान, अकड़, डींग (2)
21. पुराणानुसार एक सूर्यवंशी राजा जो दशरथ के पिता थे (2)
23. दुर्दशा, दुर्गति (2)

### वर्ग पहेली 5451 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | का | हा | थ | र | सी | ■ | स |
| नी | र | ज | ■ | वि | ना | य | क |
| न | ग | मा | ■ | सा | ■ | दि | ल |
| ■ | र | ■ | सा | र | ना | ■ | ■ |
| अ | ■ | दा | ■ | थी | सि | स | ■ |
| मे | घ | दू | त | ■ | क | ला | म |
| ज | न | ■ | मी | रा | ■ | म | ■ |
| न | क | ब | ज | न | ■ | त | क्ष |

# कुदरत के इस मिज़ाज को हल्के में न लें

(अक्षय शुक्ला)

मौसम के पैटर्न में इतनी तेज़ी से बदलाव हो रहे हैं कि उसका सटीक अनुमान लगाना मुश्किल होता जा रहा है। दिल्ली एनसीआर में पूरी जुलाई इसकी झलक देखने को मिली। निर्धारित समय से पहले मॉनसून छा जाने के बावजूद यह इलाका अच्छी बरसात के लिए तरसता रहा। मौसम विभाग लगभग हर दूसरे दिन तेज़ बारिश का अनुमान जताता, लेकिन बादल एक जगह कुछ देर बरसते और बाकी इलाकों को सूखा छोड़ जाते।

बारिश ने ऐसा तरसाया कि दिल्ली में दस साल की सबसे गर्म जुलाई का रेकॉर्ड बन गया, जब रात का तापमान 27 से 28 डिग्री तक बना रहा। 30 जुलाई को तो दिन का तापमान 40 डिग्री के नज़दीक पहुंच गया। फिर, महीने के आखिरी दिन की शाम से बादल ऐसे बरसे कि पूरा दिल्ली एनसीआर पानी-पानी हो गया। जलमग्न सड़कों पर देर रात तक लोग फंसे रहे, तो कई उफनते नालों में समा गए।

मॉनसून का ऐसा खतरनाक मिज़ाज देशभर में देखने को मिल रहा है। कहीं तो एक साथ बहुत अधिक मात्रा में पानी बरसकर तबाही मचा रहा है, तो कुछ इलाके अच्छी बरसात के लिए तरस रहे हैं। एक्सपर्ट इसे वैश्विक तापमान में तेज़ी से बढ़ोतरी का परिणाम बताते हुए चेता रहे हैं कि भविष्य में ऐसा पैटर्न और अधिक देखने को मिलेगा। यही वजह है कि पहले जहां पूरे मॉनसून सीज़न में एक समान बरसात देखने को मिलती थी, अब बादल फटने जैसी घटनाएं आम होती जा रही हैं। एक छोटे से इलाके में एकत्र होकर बादल ऐसे बरस रहे हैं मानों फट पड़े हों।

वायनाड में कुछ ऐसा ही हुआ। एक स्थान पर ही इतनी अधिक बारिश हो गई कि लैंडस्लाइड में कई गांव बह गए, जिनमें तीन सौ से अधिक लोगों की मौत हो गई, जबकि इससे कहीं अधिक लापता बताए जा रहे हैं। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भी बादल फटने व भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। पहाड़ों पर जिस तरह से बेतरतीब निर्माण की खुली छूट दी गई, वह हम पर भारी पड़ रहा है।

विरोधाभास देखिए कि देश का एक हिस्सा बाढ़ जैसी आपदा झेल रहा तो दूसरा गर्मी में झुलस रहा है। कश्मीर में गर्मी ने 25 साल का रेकॉर्ड तोड़ दिया तो लेह लद्दाख में तापमान इतना बढ़ गया कि फ्लाइट्स कैंसल करनी पड़ गईं। 37 डिग्री सेल्सियस के तापमान में विमानों को उड़ान भरने के लिए ज़रूरी थ्रस्ट ही नहीं मिल पा रहा।

ऐसी ही गर्मी का सामना कई यूरोपीय देश भी कर रहे हैं। अफ्रीकी गर्म हवाओं ने दक्षिणी यूरोप को झुलसा रखा है। इटली के 12 शहरों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया। ब्रिटेन और फ्रांस समेत पश्चिमी यूरोप के देश भी तप रहे हैं। पुर्तगाल में तो पारा 47 डिग्री तक पहुंच गया। जुलाई मध्य में फ्रांस और स्पेन का तापमान 43 डिग्री तो बेल्जियम, जर्मनी, नीदरलैंड और इंग्लैंड के पूर्वी हिस्से में 40 डिग्री तक पहुंच गया। स्पेन, फ्रांस, पुर्तगाल और ग्रीस के जंगलों में आग की वजह से हज़ारों लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। सोचिए जिस लू का सामना हम हर साल मई में करते हैं, उसे इस बार यूरोप के ठंडे देशों में रहने वाले लोग भी झेल रहे हैं।

# आज का राशिफल

### मेष

आज करियर के मामले में लाभ के योग हैं और आपका दिन आर्थिक मामलों में संपन?नता से भरा होगा। आपके खानदान का गौरव बढ़ेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता से भी आपको लाभ होगा। आपकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी और आनंद में वृद्धि होगी।

### वृषभ

आज लाभ और आपको सफलता मिलने से यश और हर्ष होगा। माता-पिता से आशीर्वाद लेकर जो भी कार्य करेंगे उसमें आपकी जीत होगी। नौकर-चाकर और सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आमदनी के नए मार्ग बनेंगे।

### मिथुन

आज दिन अधिक अनुकूल नहीं है और आपका कुछ मामलों में फालतू खर्च आज हो सकता है। त?वरित निर्णय न ले पाने के कारण कार्यों में बाधा आ सकती है और आप पिछड़ सकते हैं।

### कर्क

आज उन?नति होगी और भाग?य साथ देगा। आज आप अपनी वाक्पटुता से किसी बहुत बड़े अफसर को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहेंगे। सेहत में किसी प्रकार की समस्या आने से पूरा दिन खराब हो सकता है। निर्णय लेने की क्षमता का लाभ होगा।

### सिंह

आज दिन लाभ से भरा होगा। यदि आप व्यापारी हैं तो आपके व्यापार में कुछ नए परिवर्तन होंगे। नौकरीपेशा है तो आपके अधिकार बढ़ेंगे, जिससे आपको आर्थिक लाभ व सम्मान मिलेगा। परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलेगा।

### कन्या

आज आपके अधिकारों में वृद्धि होने के साथ ही उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। अपनी शानशौकत के लिए आप धन का अपव्यय कर सकते हैं। आप दूसरों की भलाई और सेवा मन लगाकर दिल से करते रहे हैं, इसका लाभ आज आपकी संतान को मिलेगा।

### तुला

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपको कोई नुकसान होने की आशंका है। अकस्मात् कोई राजकीय दण्ड भी प्राप्त हो सकता है। इसलिए जोखिम के काम से दूर रहें। शाम से लेकर रात तक भी छोटे-मोटे कष्ट व मानहानि की आशंका बनी रहेगी। शारीरिक परेशानी बढ़ सकती है।

### वृश्चिक

आज लाभ के योग हैं। यदि आप नौकरी करते हैं तो पद एवं अधिकारों में वृद्धि होगी। आप के साहस एवं पराक्रम के सामने शत्रु नतमस्तक होंगे। संतान के प्रति आपकी प्रेम भावना बढ़ेगी। शाम से लेकर रात तक आपकी ज्ञान में वृद्धि होगी। नौकर चाकरों का सुख पर्याप्त मात्रा में मिलेगा।

### धनु

आज करियर के मामले में लाभ होगा। इस समय में आध्यात्म से तत्व ज्ञान की प्राप्ति होगी। आपकी बुद्धि विवेक से नए ज्ञान में वृद्धि होगी। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी। सायंकाल में अकस्मात् संतान कष्ट होने का योग है। विश्वास प्राप्त व्यक्ति एवं नौकर चाकर विश्वासघात करने का प्रयास करेंगे सावधान रहें।

### मकर

आज करियर में लाभ और उत?साह प्राप?त होगा। आपके सामने ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे, जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। यदि आपकी उन?नति रुकी है तो अवश्य प्राप्त हो जाएगी। आपके हाथ में बड़ी मात्रा में पैसा आने से हर्ष होगा। शुभव्यय और कीर्ति में वृद्धि होगी।

### कुंभ

आज आप विशेष धैर्य से काम लें क्योंकि जल्दबाजी में किए गए कार्य से हानि हो सकती है। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं की वृद्धि होगी। नए-नए कार्यों में विनिमय करना पड़े तो अवश्य करें। आगे चलकर लाभ होगा। संतान की नौकरी एवं विवाह इत्यादि मंगल कार्यों के लिए किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी।

### मीन

आज दिन काफी उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। आपकी सेहत बिगड़ने से पेट खराब हो सकता है। यदि आप किसी वित्तीय संस्था या व्यक्ति से ऋण लेना चाहते हैं तो आसानी से मिल जाएगा। नई-नई योजनाएं बनाकर उन्हें सफल बनाने का पूर्ण प्रयास करें।

## संक्षिप्त समाचार

### बड़े बेटे के नाम की प्रॉपर्टी, छोटे ने पिता पर चाकू से किए ताबड़तोड़ वार; बिस्तर पर मिला शव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में प्रॉपर्टी के लिए रिश्तों का खून कर दिया गया। न्यू अशोक नगर इलाके में शनिवार सुबह महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) से सेवानिवृत 72 वर्षीय बुजुर्ग की बेटे ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मृतक के बड़े बेटे ने मामले की सूचना पुलिस को दी। न्यू अशोक नगर थाना पुलिस ने देरशाम मृतक के छोटे बेटे महेश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि पिता ने संपत्ति बड़े भाई के नाम कर दी थी। इसके चलते उसने पिता की हत्या कर दी। पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि 72 वर्षीय गौतम ठाकुर अपने परिवार के साथ मकान नंबर सी-2/33, न्यू अशोक नगर में रहते थे। शनिवार सुबह उनके बेटे मुकेश ठाकुर ने पुलिस को फोन कर सूचना दी कि दो अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर उनके पिता को चाकू से वार कर हत्या कर दी है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पुलिस टीम घर की पहली मंजिल पर बने कमरे में पहुंची, जहां टीम ने देखा कि गौतम ठाकुर खून से लथपथ अपने बिस्तर पर मृत पड़े हुए थे। पेट में चाकू से आधा दर्जन के करीब वार किए जाने के निशान थे। पुलिस को प्राथमिक जांच के दौरान पता चला कि वारदात के समय परिवार के सभी सदस्य घर में मौजूद थे। बावजूद इसके कोई बाहरी शख्स घर में आ गया। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली शुरू की। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस टीम ने सीसीटीवी खंगाले तो फुटेज में एक शख्स दिखाई दे रहा था। पुलिस ने परिजनों से अलग अलग पूछताछ शुरू की। इसके बाद पुलिस का शक महेश पर हुआ। फुटेज वाले शख्स और महेश की कद काठी लगभग सामान थी। पुलिस ने महेश से सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

### आप नेता पर दर्ज करो केस; कांग्रेस की शिकायत पर कोर्ट का बड़ा आदेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने सुल्तानपुरी वार्ड से आप पार्षद बॉबी किन्नर उर्फ अमित कुमार के खिलाफ पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिया है। आप पार्षद पर आरोप है कि उसने चुनाव के दौरान फर्जी प्रमाण पत्र जमा कराया था। बॉबी किन्नर ने सुल्तानपुर के वार्ड 43 से कांग्रेस प्रत्याशी वरुणा ढाका को हराकर चुनाव जीता था। वरुणा ढाका ने बॉबी किन्नर के खिलाफ रोहिणी कोर्ट में याचिका दायर कर शिकायत दी थी कि उसने चुनाव के दौरान फर्जी एससी सर्टिफिकेट जमा कराए थे। शनिवार को ढाका की शिकायत पर सुनवाई करते हुए रोहिणी कोर्ट ने पुलिस को आप पार्षद बॉबी किन्नर पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। बता दें कि दिल्ली में एमसीडी के चुनाव में सुल्तानपुरी की वार्ड नंबर 43 की सीट काफी चर्चा में रही थी। इस सीट पर आप ने एक ट्रांसजेंडर को उम्मीदवार बनाया था। ट्रांसजेंडर बॉबी किन्नर ने कांग्रेस उम्मीदवार वरुणा ढाका को बड़े अंतर से हराया था। बॉबी किन्नर की जीत के बाद कांग्रेस प्रत्याशी वरुणा ढाका ने उसके निर्वाचन को चुनौती देते हुए रोहिणी कोर्ट में अर्जी दायर कर शिकायत की थी। कोर्ट में की गई शिकायत में कहा गया था कि ट्रांसजेंडर बॉबी किन्नर ने गलत तथ्य देकर चुनाव लड़ा है। वह न तो महिला है और ना ही अनुसचित जाति से है। उन्होंने ट्रांसजेंडर बॉबी किन्नर के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की थी। दरअसल, एमसीडी चुनाव के लिए एकीकृत नगर निगम के परिसीमन के अनुसार सुल्तानपुरी के वार्ड 43 को अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित की गई थी। चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार वरुणा ढाका दूसरे नंबर पर रही थी। कांग्रेस प्रत्याशी वरुणा ढाका ने अपनी याचिका में ट्रांसजेंडर बॉबी किन्नर पर पुरुष होने का आरोप लगाते हुए उसका नाम अमित कुमार बताया है।

### दरवाजा खोलकर किचन में घुसा बंदर, अंदर काम कर रही थी महिला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में बंदरों ने किस कदर आतंक मचा रखा है, इसका अंदाजा इस वीडियो को देखकर लगाया जा सकता है। यहां तक कि बंदर अब किचन का दरवाजा खोलकर भी अंदर आने लगे हैं। एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा रहा, जिसमें एक बंदर किचन का गेट खोलकर अंदर घुसता है। चूंकि महिला काम करने में व्यस्त रहती है, इसलिए उसकी नजर बंदर पर नहीं पड़ती है। लेकिन, चंद सेकेंड बाद जैसे ही महिला की नजर बंदर पर पड़ती है, वह किचन से बाहर निकलने की कोशिश करती है। हालांकि वह किचन से नहीं नहीं निकल पाती है, क्योंकि बंदर उसे सामने से घेर लेता है। जब महिला बंदर को भगाने की कोशिश करती है तो वह उनसे उलझ जाता है। उसके बाद जब महिला किचन के एक कोने में दुबक जाती है तो बंदर किचन के स्लैब पर चढ़कर बर्तनों की तलाशी लेते हुए दरवाजे से निकलकर भाग जाता है।

### जिसे सीबीआई ने रंगे हाथों पकड़ा, उसे ही बड़ी जिम्मेदारी; एलजी वीके सक्सेना पर क्यों भड़की आप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने एक बार फिर केंद्र सरकार और उपराज्यपाल पर बड़ा आरोप लगाया है। यह आरोप दिल्ली के रोहिणी सेक्टर एक में मानसिक रूप से बीमार लोगों के शेल्टर होम आशा किरण में इस साल अब तक 14 लोगों की मौत से जुड़ा है। इन मौतों पर दिल्ली सरकार उपराज्यपाल और केंद्र पर निशाना साधती नजर आ रही है। दिल्ली सरकार में मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने केंद्र और एलजी पर भ्रष्टाचार के आरोपों में पकड़े गए शख्स को शेल्टर होम की जिम्मेदारी देने का आरोप लगाया है। सौरभ भारद्वाज ने कहा, मेरा एलजी और केंद्र सरकार से सवाल है कि इतनी संवेदनशील पोस्टिंग में राहुल अग्रवाल को जिम्मेदारी क्यों दी गई।

# अदालती कार्यवाही से तंग आकर समझौता कर लेते हैं लोग, सीजेआई चंद्रचूड़ ने ही खोल दी सिस्टम की पोल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि लोग अदालती कार्यवाही से इतने त्रस्त हो चुके हैं कि वे किसी तरह बस समझौता चाहते हैं। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया वादियों के लिए एक सजा हो गई है। लोग इससे छुटकारा पाने के लिए अक्सर कम समझौते को भी स्वीकार कर लेते हैं।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने लोक अदालतों की भूमिका और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह (लोक अदालत) एक ऐसा मंच हैं, जहां अदालतों में या मुकदमेबाजी से पहले लंबित विवादों और मामलों का सौहार्द्रपूर्ण ढंग से समझौता किया जाता है। उन्होंने कहा कि आपसी सहमति से हुए समझौते के खिलाफ कोई अपील भी दाखिल नहीं की जा सकती।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट के 75 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित 'विशेष लोक अदालत' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। 29 जुलाई से 3 अगस्त तक चले इस विशेष लोक अदालत के समापन के मौके पर उन्होंने कहा कि अदालती कार्यवाही से लोग इतना परेशान हो जाते हैं कि वे अदालती मामलों से कोई भी समझौता चाहते हैं, जज के रूप में यह हम सभी के लिए चिंता का विषय है।

**लोक अदालत को संस्थागत बनाने की जरूरत :** मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि 'लोक अदालतों के माध्यम से न्याय देने की प्रक्रिया को संस्थागत बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उन्हें हर स्तर पर लोक अदालत की स्थापना में बार और बेंच



(वकीलों और जजों) सहित सभी से समर्थन मिला। सीजेआई ने अपने संबोधन में कहा कि जब विशेष लोक अदालत के लिए उन्होंने पैनल गठित किए गए थे, तो यह सुनिश्चित किया गया था कि प्रत्येक पैनल में दो न्यायाधीश और दो वकील होंगे। उन्होंने कहा कि 'ऐसा करने के पीछे उनका मकसद अधिवक्ताओं को संस्था पर स्वामित्व देना था क्योंकि यह ऐसी संस्था नहीं है जिसे केवल न्यायाधीश चलाते हैं। उन्होंने कहा कि यह जजों के लिए, जजों द्वारा जजों की संस्था नहीं है। इस अवसर पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, सुप्रीम कोर्ट के अन्य न्यायाधीश, बार एसोसिएशन के अधिकारी शामिल हुए।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट भले ही दिल्ली में हो, लेकिन यह दिल्ली का सुप्रीम कोर्ट नहीं है। यह भारत का सुप्रीम कोर्ट है। उन्होंने कहा कि जब से मैंने मुख्य न्यायाधीश का पद संभाला है, हमने सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री में पूरे देश से अधिकारियों को लाने का प्रयास किया है। सुप्रीम कोर्ट मुताबिक विशेष लोक अदालत के लिए 14,045 मामले चिह्नित । लोक अदालत पीठों के समक्ष 4,883 मामले सूचीबद्ध किए गए और इनमें से 920 मामलों का निपटारा किया गया।

**अमेरिका से अलग है भारतीय सुप्रीम कोर्ट :** मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि भारत में सुप्रीम कोर्ट की स्थापना के पीछे का मकसद यह नहीं था कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की तर्ज पर 180 संवैधानिक मामलों का ही निपटारा करें । इसका मकसद था कि लोगों तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना यानी 'न्याय सबके द्वार'। उन्होंने यह भी कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य भी लोगों के घरों तक न्याय पहुंचाना और लोगों को यह सुनिश्चित करना है कि हम उनके जीवन में निरंतर मौजूद हैं।

**मध्यस्थता भारतीय संस्कृति का हिस्सा - कानून मंत्री मेघवाल :** सुप्रीम कोर्ट में आयोजित समारोह में शामिल केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि 'मध्यस्थता भारतीय संस्कृति का हिस्सा है।' उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत में कौरवों और पांडवों के बीच मध्यस्थता करने का प्रयास किया था। कानून मंत्री मेघवाल ने कहा कि आत्मनिरीक्षण करने की शक्ति विवादों को सुलझाने में मदद करती है। वैवाहिक विवादों को निपटाने में लोक अदालतों की भूमिका की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले जो काम परिवार के बुजुर्ग करते थे, अब वह वैकल्पिक विवाद समाधान व्यवस्था द्वारा किया जा रहा है।

### सत्ता जिहाद कर रही बीजेपी, अहमद शाह अब्दाली का नाम ले अमित शाह पर बरसे उद्धव ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते हुए पार्टी पर सरकार बनाने के लिए राजनीतिक दलों को तोड़कर 'सत्ता जिहाद' में लिप्त होने का आरोप लगाया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा ठाकरे पर किए गए 'औरंगजेब फैन क्लब' वाले कटाक्ष को लेकर पलटवार करते हुए शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने शाह को अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली का राजनीतिक वंशज बताया, जिसने पानीपत की तीसरी लड़ाई में मराठा को हराया था। ठाकरे की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि ठाकरे द्वारा (शाह की आलोचना करने के लिए) इस्तेमाल की गई भाषा से पता चलता है कि वह कितने घबराए हुए हैं, जो उनके बौद्धिक दिवालियेपन को भी दर्शाता है। पुणे में शिव संकल्प रैली में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ठाकरे ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार पर 'मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना' जैसी योजनाओं के रूप में मतदाताओं को रेवड़ियां देकर रिश्वत देने का आरोप लगाया। इस योजना के तहत राज्य की पात्र महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये मिलेंगे। भाजपा पर पार्टियां तोड़ने का आरोप लगाते हुए ठाकरे ने कहा, 'अगर मुसलमान हमारे साथ हैं, क्योंकि हमने उन्हें अपना हिंदुत्व समझाया है।

### शेल्टर होम पर एनएचआरसी ने लिया संज्ञान, पुलिस और सरकार को भेजा नोटिस; 4 हफ्ते में मांगा जवाब




**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से आशा किरण शेल्टर होम में मौतों को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने शनिवार को कहा कि उसने दिल्ली सरकार और शहर के पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी किया है। दोनों को उन रिपोर्टों के आधार पर नोटिस किया गया है जिनमें रोहिणी में मानसिक विकलांग लोगों के लिए दिल्ली सरकार द्वारा संचालित शेल्टर होम में जुलाई के दौरान हुई मौतों की एक सीरीज को उजागर किया गया है। एनएचआरसी ने एक बयान में कहा कि इतने कम समय में इतनी बड़ी संख्या में मौत अधिकारियों की ओर से लापरवाही को दिखाता है। एनएचआरसी ने 15 जुलाई से 31 जुलाई के बीच मानसिक रूप से कमजोर लोगों के लिए दिल्ली सरकार द्वारा संचालित आश्रय गृह- आशा किरण में लोगों की मौत के मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। जुलाई में मरने वाले 14 लोगों में से 13 वयस्क थे और एक नाबालिग था। इन सभी के लक्षण एक जैसे थे- दस्त और उल्टी। आयोग ने कहा कि कई अन्य लोगों का कथित तौर पर अस्पताल में इलाज चल रहा है। आश्रय गृह की चिकित्सा देखभाल इकाई के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में 54 लोगों को इलाज के लिए बाहर भेजा गया था। आयोग ने कहा, इसने आश्रय गृह में चिंता पैदा कर दी। साथ ही उपेक्षा और रहने की खराब स्थिति के आरोपों को फिर से रिवाइव कर दिया है। आयोग ने पाया कि रिपोर्ट में दी गई जानकारी अगर सच है, तो कथित रूप से भीड़भाड़ वाले आश्रय गृह में लोगों के मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा उठाया गया है। बयान में कहा गया है कि आयोग ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव और पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

### हिमांशु भाऊ की जीएफ अन्नू के निशाने पर थे दो और युवक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजौरी गार्डन स्थित रेस्तरां में अमन नाम के युवक की हत्या में नया खुलासा हुआ है। अमन को जिस युवती ने बुलाया था, उसके निशाने पर दो और युवक भी थे, लेकिन योजना विफल हो गई थी। वहीं, अभी तक फरार युवती का कोई सुराग पुलिस को नहीं मिला है। गत 18 जून को डॉन भाऊ की गर्लफ्रेंड अन्नू ने अमन को राजौरी गार्डन स्थित रेस्तरां में बुलाया था। फिर, हिमांशु भाऊ के दो शूटर ने अमन को गोलियों से भून दिया। इस दौरान अन्नू मौके से फरार हो गई थी। स्पेशल सेल ने दोनों हमलावरों को सोनीपत में मुठभेड़ में मार गिराया है। इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल की कई टीमें कर रही है। अन्नू के इंस्टाग्राम प्रोफाइल की जांच हुई। उसने अलग-अलग नाम से इंस्टाग्राम पर 20 आईडी बनाई हुई थी। इंस्टाग्राम की तीन आई आईडी में अमन के अलावा चंडीगढ़ और पानीपत के भैंसवाल गांव के दो युवकों के बारे में जानकारी मिली। जांच में सामने आया था कि अन्नू इन दोनों युवकों से अलग-अलग नाम से संपर्क किया था। उन्हें जनवरी में प्रेम जाल में फंसाया था और फोन नंबर आदि भी ले लिया था। अन्नू ने इन्हें दिल्ली बुलाया था, लेकिन दोनों नहीं आए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों युवकों से फोन पर बात की गई। वे इस खुलासे के बाद इतने डर गए कि दिल्ली आने से मना कर दिया। युवकों ने बताया कि मई में उनकी एसयूवी में जीपीएस भी मिला था।


# दिल्ली में टला राजेंद्र नगर जैसा हादसा, लाइब्रेरी में छात्रा को लगा करंट; हाथ-पैर ने काम करना किया बंद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में बीते शनिवार को राव आईएएस स्टडी सर्किल के बेसमेंट में तीन छात्रों की डूबने से हुई मौत को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। वहीं दूसरी तरफ एक छात्रा मौत के मुंह में जाने से बच गई है। लाइब्रेरी में अटेंडेंस लगाने के लिए बायोमेट्रिक मशीन का इस्तेमाल करते समय उसे करंट का जोरदार झटका लगा। कोचिंग सेंटर में बारिश की वजह से पानी आ गया था। छात्रा की पहचान वाणी अवस्थी के तौर पर हुई है। फिलहाल उसका बरेली के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना गुरुवार को घटी।

छात्रा का इलाज कर रहे डॉक्टर सुदीप सरन ने बताया कि वाणी को अपनी अटेंडेंस रजिस्टर करने के लिए बायोमेट्रिक मशीन का इस्तेमाल करते समय बिजली का झटका लगा। उन्होंने कहा, वाणी दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में पढ़ रही थी, जहां यह घटना जलभराव (राष्ट्रीय राजधानी में बारिश के बाद) के दौरान हुई। उससे एक दिन पहले, जब वह अपनी कोचिंग क्लासिस के लिए वहां पहुंची और गेट से अंदर गई, तो जहां बायोमेट्रिक मशीन लगी थी, वहां जलभराव था। उसने अटेंडेंस के लिए अपना अंगूठा लगाया और जैसे ही उसने गेट को छुआ, उसे करंट लग गया क्योंकि गेट में करंट था।

डॉ. सरन ने कहा, वह बेहोश हो गई, उसे सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया और वहां उसे भर्ती कराया गया। काफी देर बाद उसे होश आया। फिर उसे एंबुलेंस से यहां लाया गया। उसे यहां आईसीयू में भर्ती कराया गया है। शुरुआत में उसकी हालत



बहुत गंभीर थी...उसे फोबिया हो गया था...नतीजतन, उसके बाएं पैर और हाथ ने काम करना बंद कर दिया था। उन्होंने कहा कि काउंसलिंग और दवा के बाद उसकी हालत में सुधार हो रहा है।

डॉक्टर ने आगे कहा, कुछ काउंसलिंग और दवाइयों की मदद से उसकी हालत में सुधार आया है। अब वह ठीक से बोल सकती है लेकिन उसे अब भी घबराहट हो रही है...उसे सामान्य होने में कुछ समय लगेगा...हमें देखना होगा कि इस घटना ने उसके बौद्धिक (इंटेलिजेंस) स्तर पर कोई असर डाला है या नहीं। नई दिल्ली के करोल बाग में एक प्रत्यक्षदर्शी श्वेता ने बताया कि बायोमेट्रिक मशीन लोहे के गेट पर लगाई गई थी। श्वेता ने बताया, यहां 1-2 हफ्ते पहले बारिश हुई थी। लोहे के गेट पर बायोमेट्रिक मशीन लगाई गई है। गेट को छूने के बाद उसे करंट लग गया...उसे आरएमएल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे 1-2 दिनों के लिए आईसीयू में भर्ती कराया गया। जब वह थोड़ी सामान्य हुई, तो उसे आगे के इलाज के लिए उसके गृहनगर बरेली भेज दिया गया। घटना के बाद कोचिंग सेंटर के मालिक ने बायोमेट्रिक मशीन हटा दी।

## भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन को रेप केस में बड़ी राहत, निचली अदालत के आदेश को हाई कोर्ट ने रखा बरकरार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दिल्ली हाई कोर्ट ने भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन के खिलाफ बलात्कार और आपराधिक धमकी देने का आरोप लगाने वाली शिकायत में पुलिस द्वारा दायर कैंसिलेशन रिपोर्ट को स्वीकार करने के आदेश को बरकरार रखा है।

दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने कहा कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) द्वारा पारित आदेश में कोई खामी नहीं है। इसके साथ ही दिसंबर 2023 के आदेश को चुनौती देने वाली शिकायतकर्ता द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी। जस्टिस नीना बंसल ने कहा कि वर्तमान मामले में जांच के दौरान एकत्र किए गए दस्तावेज और वैज्ञानिक साक्ष्य से स्पष्ट है कि कथित घटना की तारीख और स्थान पर हुसैन और शिकायतकर्ता की मौजूदगी पूरी तरह से गलत है। इससे कथित अपराध किए जाने की संभावना शून्य हो गई है। इसलिए, कैंसिलेशन रिपोर्ट को स्वीकार करने में एएसजे के निष्कर्ष को बरकरार रखा जाना चाहिए। 16 दिसंबर 2023 के आदेश में





कोई खामी नहीं है और पुनरीक्षण याचिका खारिज की जाती है। हाई कोर्ट ने यह आदेश शुक्रवार को पारित किया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने उसे नशीला पदार्थ दिया और अप्रैल 2018 में दिल्ली के एक फार्महाउस में उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने अदालत में रिपोर्ट दाखिल कर एफआईआर रद्द करने की मांग की थी। पुलिस की रिपोर्ट को मजिस्ट्रेट अदालत ने अस्वीकार करते हुए मामले में हुसैन को तलब किया था। मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश को एक सत्र अदालत के समक्ष चुनौती दी गई, जिसने मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश को रद्द कर दिया और 16 दिसंबर 2023 को पुलिस की कैंसिलेशन रिपोर्ट स्वीकार कर ली। सत्र न्यायालय के आदेश के खिलाफ शिकायतकर्ता ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और पुनरीक्षण याचिका दायर की। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि एएसजे ने यह निष्कर्ष निकालने के लिए जांच अधिकारी द्वारा की गई पूरी विस्तृत जांच का हवाला दिया था कि शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए बलात्कार के आरोपों की पुष्टि एकत्र किए गए दस्तावेज और मौखिक साक्ष्यों से नहीं होती है।

## एसिड अटैक के बाद टूट गई थी सीमा, दोस्त ने जगाया जीने का जज्बा; कमाल की लव स्टोरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कुछ दोस्त ऐसे होते हैं, जो रिश्ते के लिए मिसाल बन जाते हैं। ऐसे ही दोस्त हैं सीमा और रूप राम, जो बाद में हमसफर बन गए। इनका रिश्ता इसलिए खास है कि क्योंकि सीमा तेजाब हमले में 50 झुलस गई थीं। दर्दनाक इलाज और समाज के तिरस्कार से जूझ रही सीमा को ऐसे वक्त में रूप राम की दोस्ती का सहारा मिला। रूप राम ने सीमा में जीने का जज्बा जगाया और उसका हाथ थाम कर हमसफर बना लिया। नोएडा सेक्टर-21 ए स्थित शीरोज कैफे में काम करने वाली पच्चीस वर्षीय सीमा पिछले दो वर्ष से यहां नौकरी कर रहीं है। मूलरूप से अकबरपुर की रहने वाली सीमा ने बताया कि सन 2016 की घटना है, जब वह महज 16 वर्ष की थीं। कुछ विवाद होने पर उनके भाई के दोस्त ने भाई पर तेजाब से हमला किया, लेकिन सामने वह आ गईं। हादसे में उनका चेहरा और हाथ पैर जल गए। वह 50 प्रतिशत झुलस गईं। उन्हें लखनऊ स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। कई महीने तक बेहोशी की हालत में रहने के बाद जब होश आया तो पूरा शरीर और चेहरा बिगड़ गया था। एक साल बाद जब अस्पताल से छुट्टी मिली। वह पूरी तरह ठीक भी नहीं हुईं थीं, तभी उनसे छांव फाउंडेशन से जुड़े आलोक दीक्षित मिले। वह उन्हें बेहतर उपचार के लिए नोएडा लाए। यहां पर दो वर्षों में दस से अधिक ऑपरेशन के बाद वह चलने और बोलने लगीं। उन्हें यहीं पर कैफे में नौकरी मिल गई।



**दोस्ती ने जीने के लिए उम्मीद दी :** सीमा ने बताया कि नौकरी शुरू करने के दौरान उनकी मुलाकात 2019 में रूप राम से हुई। दोनों की दोस्ती हो गई। सीमा ने बताया कि लेजर सर्जरी के दर्दनाक इलाज और चेहरा खराब होने से उनको खुद से नफरत होने लगी थी। कई बार उनके मन में ख्याल आया कि जिंदगी को खत्म कर दूं। लेकिन रूपराम उनके इलाज के दौरान उनके साथ रहने लगे। वह उनके चेहरे और शरीर को लेकर उनसे बात करती तो वह एक अच्छे दोस्त की तरह उनको समझाते। वह तनाव से निकालने के लिए हमेशा प्रेरित करने लगे। उन्होंने बताया कि रूपराम से दोस्ती होने के बाद उनको जीने के लिए एक उम्मीद मिल गई। सीमा ने बताया कि उनकी दोस्ती के बारे में जब रूपराम के परिजनों को जानकारी हुई, तो वह लोग उन्हें अपनाने को तैयार नहीं हुए। लेकिन रूपराम उनके साथ रहे और परिजनों को मनाया। इसके बाद परिवार उन्हें अपनाने को राजी हो गया।

# उप्र में नहीं दूर हो रही भाजपा की चिंता, हरियाणा-मप्र ने भी दी टॉप लीडरशिप को टेंशन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भाजपा में लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद देश के विभिन्न राज्यों से सामने आ रही नाराजगी से पार्टी नेतृत्व असहज है। खासकर उत्तर प्रदेश के हालात उसके लिए चिंता का विषय है, जहां राज्य के बड़े नेताओं के मतभेद कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। हरियाणा और मध्य प्रदेश में भी नाराजगी सामने आ रही है। कहीं सरकार के भीतर दिक्कतें हैं, तो कहीं सत्ता और संगठन में अनबन बढ़ रही है।

उत्तर प्रदेश को लेकर भाजपा नेतृत्व ने राज्य के नेताओं को आपसी मतभेदों को उजागर न करने और विधानसभा उप चुनाव के लिए एकजुट होकर तैयारी करने को कहा है। इस मुद्दे पर भाजपा महासचिव संगठन बी एल संतोष ने पिछले दिनों दिल्ली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। साथ ही केंद्रीय नेतृत्व की ओर से मुख्यमंत्री परिषद के दौरान दोनों उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक को भी निर्देश दिए गए थे। राज्य में मुख्यमंत्री योगी और उप मुख्यमंत्री मौर्य को लेकर विपक्ष भी जमकर तंज कस रहा है। इससे सरकार और संगठन दोनों में असहजता बढ़ रही है। यूपी में पार्टी के हालातों को लेकर कई बड़े नेता चिंतित हैं। एक वरिष्ठ नेता ने कहा, हम पहले कल्याण सिंह के समय इसी तरह के हालात देख चुके हैं। इसका नुकसान उठाना पड़ा था। अब समय रहते इसे सुलझाया नहीं गया तो दिक्कतें बढ़ेंगी।



सरकार के भीतर मतभेद गहराने नहीं चाहिए। इससे नौकरशाही पर अंकुश कम होता है और विपक्ष को मौका मिलता है।

**अनिल विज की भी नाराजगी नहीं हो रही दूर :** भाजपा की दिक्कतें हरियाणा को लेकर भी बढ़ी हैं। यहां दो माह बाद चुनाव होने हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री अनिल विज राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद से नाराज चल रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में बताया, राज्य में पार्टी के हालात कितने खराब हैं। हालांकि, बाद में उन्होंने पोस्ट हटा दिया। पोस्ट में विज ने लिखा था, डूबेगी कश्ती, तो डूबेंगे सारे, न तुम बचोगे न साथी तुम्हारे। बता दें, विज दलित समुदाय से आते हैं और यह वर्ग बीते दो चुनावों में भाजपा के साथ रहा है।

**उप मुख्यमंत्रियों ने सीएम पर साधा निशाना :** सूत्रों के अनुसार मध्य प्रदेश में सरकार के भीतर नाराजगी बढ़ रही है। बीते साल सत्ता में आने के बाद पार्टी ने मुख्यमंत्री के साथ दो उप मुख्यमंत्री बनाए थे। सूत्रों की मानें तो हाल में उप मुख्यमंत्रियों ने केंद्रीय नेतृत्व से कहा है कि उनके पास ज्यादा काम नहीं है। परोक्ष रूप से उन्होंने सीएम पर ही निशाना साधा था। हालांकि, राज्य में भाजपा के पास विशाल बहुमत है। लोकसभा में भी पार्टी ने सभी सीटें जीती थीं, इसलिए ज्यादा दिक्कत नहीं है। हालांकि, पार्टी के भीतर बढ़ती नाराजगी को दूर करना जरूरी है।

पेरिस ओलंपिक

## दो बार की ओलंपिक चैंपियन फ्रेजर चोट के कारण 100 मीटर दौड़ से हटी




**सेंट डेनिस (फ्रांस), एजेंसी।** ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में दो बार की स्वर्ण पदक विजेता शेली एन फ्रेजर प्राइस अज्ञात चोट के कारण पेरिस ओलंपिक खेलों की इस स्पर्धा से हट गई हैं। जमैका की फ्रेज़र प्राइस ने शनिवार को सेमीफाइनल से पहले हटने का फैसला किया। ओलंपिक अधिकारियों के अनुसार उनकी चोट अज्ञात है। टीम मैनेजर लुडलो वॉट्स ने जमैका ऑब्जर्वर से कहा, 'हमें केवल इतनी जानकारी मिली है कि वह चोटिल है। टीम का एक डॉक्टर उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए है। फ्रेजर प्राइस ने बीजिंग ओलंपिक 2008 और लंदन ओलंपिक 2012 में 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कहा था कि यह उनका पांचवा और अंतिम ओलंपिक होगा। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर जारी अपनी पोस्ट में अपने समर्थकों का आभार व्यक्त किया लेकिन अपनी चोट के बारे में खास जानकारी नहीं दी। फ्रेजर प्राइस ने कहा, 'मैं अपनी निराशा को शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकती। मैं जानती हूं कि मेरी इस निराशा में मेरे समर्थक मेरे साथ हैं। मैं वास्तव में भाग्यशाली हूं कि 2008 में मेरे ओलंपिक पदार्पण के बाद से मुझे अपने प्रशंसकों का अपार समर्थन मिला है। आप सभी हर जीत, हर कदम पर मेरे साथ रहे। यह स्टार एथलीट पहले राउंड में 10.92 सेकंड के साथ अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रही थी।

## कुछ लोग महिला होने की परिभाषा पर अपना अधिकार जमाना चाहते हैं: आईओसी चीफ थॉमस बाख



**पेरिस, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाख ने दो महिला मुक्केबाजों, इमाने खलीफ और लिन यू-टिंग, की पेरिस 2024 ओलंपिक में भागीदारी का समर्थन किया है। इन दोनों मुक्केबाजों को जैविक रूप से पुरुष होने के कारण विवादों का सामना करना पड़ रहा है। खलीफ अल्जीरिया की मुक्केबाज हैं और लिन ताइवान की दो बार की विश्व चैंपियन हैं। इन दोनों को अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) के पात्रता मानकों को पूरा नहीं करने के कारण, 2023 विश्व चैंपियनशिप से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। आईबीए के नियमों के अनुसार, पुरुष एक्सवाई गुणसूत्र वाले एथलीट, जिन्हें मेडिकल तौर पर जैविक रूप से पुरुष माना जाता है, महिलाओं की स्पर्धाओं में भाग नहीं ले सकते हैं। इसी कारण से खलीफ और लिन को महिला प्रतिस्पर्धी होने के बावजूद अयोग्य घोषित कर दिया गया था। शनिवार को मीडिया को संबोधित करते हुए, बाख ने आईओसी के रुख को दोहराया, और इस बात पर जोर दिया कि दोनों एथलीटों का जन्म, पालन-पोषण, कानूनी और पेशेवर रूप से महिला के रूप में हुआ है।

# नीरज चोपड़ा ने ओलंपिक्स में जीता गोल्ड तो सभी को मिलेगा मुफ्त वीजा




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने अभी तक पेरिस ओलंपिक खेलों में अभी तक तीन पदक जीते हैं और तीनों ही कांस्य पदक हैं। भारत की उम्मीदें नीरज चोपड़ा से बनी हुई हैं जिन्होंने टोक्टो ओलंपिक खेलों में भारत को एथलेटिक्स में पहला गोल्ड दिलाया था। इस बार भी उनके गोल्ड की उम्मीदें हैं। ऐसे में एटलीज के संस्थापक मोहक नाहटा ने लिंक्डइन पर यह वादा किया है कि अगर चोपड़ा पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल करते हैं, तो एटलीज अपने सभी उपयोगकर्ताओं को मुफ्त वीजा प्रदान करेगा। यह ऑफर एक दिन के लिए होगा। इसका मतलब है कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी भी राष्ट्रीयता का हो, बिना किसी लागत के किसी भी देश के लिए वीजा के लिए आवेदन कर सकता है। लिंक्डइन पर नाहटा ने पोस्ट किया, अगर नीरज चोपड़ा ओलंपिक में स्वर्ण जीतते हैं तो मैं व्यक्तिगत रूप से सभी को मुफ्त वीजा भेजूंगा। चलो चलें। नाहटा ने स्पष्ट किया कि मुफ्त वीजा सभी देशों के लिए दिए जाएंगे और आवेदक को इसके लिए बिल्कुल भी खर्च नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, 30 जुलाई को, मैंने सभी से वादा किया था कि अगर नीरज चोपड़ा स्वर्ण जीतते हैं तो उन्हें मुफ्त वीजा दिया जाएगा। चूंकि आप में से बहुत से लोगों ने विवरण मांगा है, तो यहां बताया गया है कि यह कैसे काम करेगा – नीरज चोपड़ा 8 अगस्त को पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। यदि वह स्वर्ण पदक जीतते हैं, तो हम सभी उपयोगकर्ताओं को एक पूरे दिन के लिए एक निःशुल्क वीज़ा प्रदान करेंगे।

क्या हम आपसे कोई शुल्क लेंगे? आपके वीजा की लागत शून्य होगी - यह पूरी तरह से हम पर निर्भर है। इस ऑफर के अंतर्गत कौन से देश शामिल हैं? सभी देश - चुनें कि आप अगली बार कहां यात्रा करना चाहते हैं, इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए आपको क्या करना होगा? एटलीस एक यात्रा वीजा और आपके यात्रा गंतव्य के बारे में नवीनतम जानकारी प्रदान करता है। कंपनी वीजा और अन्य आवश्यक यात्रा दस्तावेज प्राप्त करना आसान बनाती है। इसका ऐप यात्रियों को वीजा आवेदन, आवश्यक अपॉइंटमेंट शेड्यूल करने, घर पर पासपोर्ट फोटो लेने और भविष्य में उपयोग के लिए यात्रा दस्तावेज और जानकारी सुरक्षित रूप से संग्रहीत करने में सक्षम बनाता है। इसके अतिरिक्त, एटलीस विभिन्न देशों में पर्यटकों के लिए प्रमुख प्रतिबंधों और आवश्यकताओं की निगरानी करता है।

## ओलंपिक मुक्केबाजी की विवादित स्कोरिंग ने निशांत से छीना पदक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुक्केबाजी में विजेता का फैसला एक दूसरे पर घूंसों की बरसात से होता है लेकिन इसकी स्कोरिंग प्रणाली आज तक किसी को समझ में नहीं आई और ताजा उदाहरण पेरिस ओलंपिक में भारत के निशांत देव का क्वार्टर फाइनल मुकाबला है।

निशांत 71 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में दो दौर में बढत बनाने के बाद मैक्सिको के मार्को वेरडे अलवारेज से 1-4 से हार गए तो सभी हैरान रह गए। हर ओलंपिक में यह बहस होती है कि आखिर जज किस आधार पर फैसला सुनाते हैं। निशांत का मामला पहला नहीं है और ना ही आखिरी होगा। लॉस एंजिलिस में 2028 ओलंपिक में मुक्केबाजी का होना तय नहीं है और इस तरह की विवादित स्कोरिंग से मामला और खराब हो रहा है। तोक्यो ओलंपिक 2020 में एम सी मेरीकोम प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला हारने के बाद रिंग से मायूसी में बाहर निकली थी क्योंकि उन्हें जीत का यकीन था। उन्होंने उस समय कहा था, 'सबसे खराब बात यह है कि कोई रिव्यू या विरोध नहीं कर सकते। मुझे यकीन है कि दुनिया ने इसे देखा होगा। इन्होंने हद कर दी है। निशांत के हारने के बाद कल पूर्व ओलंपिक कांस्य पदक विजेता विजेंदर सिंह ने एक्स पर लिखा, 'मुझे नहीं पता कि स्कोरिंग प्रणाली क्या है लेकिन यह काफी करीबी मुकाबला था। उसने अच्छा खेला। कोई ना भाई। अमैच्योर मुक्केबाजी की स्कोरिंग प्रणाली बीतें बरसों में इस तरह बदलती आई है और धीरे धीरे जजों ने अपनी विश्वसनीयता खो दी।

## लीजेंड्स इंटरकांटिनेंटल टी20 लीग का पहला सीजन 18 अगस्त से होगा शुरू





**नई दिल्ली, एजेंसी।** लीजेंड्स इंटरकांटिनेंटल टी20 के पहले सीजन का आयोजन 18 से 30 अगस्त तक होने जा रहा है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने शनिवार को यह शेड्यूल जारी किया। इस टूर्नामेंट में सात टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। इन टीमों में इंडो किंग्स, एशियन एवेंजर्स, यूरो रेंजर्स, अमेरिकन मैवेरिक्स, ट्रांस-तस्मान टाइटंस, अफ्रीकन लायंस और कैरिबियन वाइकिंग्स शामिल हैं। लीग के राउंड रॉबिन फॉर्मेट के बाद टॉप चार टीमें नॉकआउट स्टेज में पहुंचेंगी। कुल मिलाकर 24 मैच खेले जाएंगे, जिसमें हर दिन दो मैच होंगे। टूर्नामेंट का आगाज इंडो किंग्स और एशियन एवेंजर्स के बीच होगा, जबकि लीग स्टेज का आखिरी मैच ट्रांस-तस्मान टाइटन्स और अफ्रीकन लायंस के बीच 28 अगस्त को खेला जाएगा। सेमीफाइनल 29 अगस्त को और फाइनल 30 अगस्त को होगा।

लीग के चेयरमैन और सीओओ अरुण पांडे ने कहा, लीजेंड्स इंटरकांटिनेंटल टी20 सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि क्रिकेट की वैश्विक भावना का जश्न है।

हम इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं। यह टूर्नामेंट लीजेंड्स के लिए न केवल अपने सुनहरे दिनों को दोहराने का, बल्कि अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों को प्रेरित करने का भी एक मंच है। अब हम एक्शन शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकते। लीग के सीईओ विशाल शर्मा ने कहा, एलआईटी20 को साकार रूप देना एक बड़ा प्रयास रहा है, और हम खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए एक असाधारण अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सरफराज खान को मिली जिम्मेदारी

## बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले रहाणे की जगह बने इस टीम के कप्तान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत को श्रीलंका दौरे के बाद बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेना है और इसमें एक बार फिर से सरफराज खान खेलते हुए नजर आ सकते हैं।

भारत को इस टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज अक्टूबर में खेलना है, लेकिन इससे पहले सरफराज खान को मुंबई क्रिकेट टीम का कप्तान बुची बाबू टूर्नामेंट के लिए बनाया गया है। अजिंक्य रहाणे फिलहाल मुंबई के लिए उपलब्ध नहीं है इसकी वजह से सरफराज खान को ये जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरफराज खान ने इस साल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में डेब्यू किया था। अब मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) द्वारा सरफराज को कप्तान बनाए जाने के बाद ऐसा लग रहा है कि टीम इस स्टार बल्लेबाज को अगले कप्तान के रूप में तैयार कर रही है। एमसीए ने बुची बाबू टूर्नामेंट के लिए 17 सदस्यीय टीम का ऐलान किया और इस टीम में सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर खान को भी शामिल किया गया। मुशीर कान ने अंडर 10 वर्ल्ड कप में अपने प्रदर्शन से सबके खूब प्रभावित किया था और इंडिया के लिए जमकर रन बनाए थे।

अजिंक्य रहाणे इस वक्त काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं और इसकी वजह से ही उन्हें मुंबई की टीम का कप्तान नहीं बनाया गया जबकि शम्स मुलानी जो मुंबई के उप-कप्तान रणजी ट्रॉफी 2023-24 के दौरान थे वो भी इस टीम का हिस्सा नहीं हैं। शम्स मुलानी इस वक्त बेंगलुरु में एनसीए में हैं और अपनी इंजरी से उबरने की कोशिश कर रहे हैं।

पेरिस ओलंपिक

## शूटिंग में बढ़ रही भारतवासियों की रुचि, पिचले 20 सालों में एक तिहाई मेडल निशानेबाजी में



**पेरिस, एजेंसी।** भारत ने पेरिस ओलंपिक खेलों में अब तक तीन पदक जीते हैं और तीनों पदक भारत शूटिंग में मिले हैं। शूटिंग में भारतवासियों की दिलचस्पी बढ़ रही है और इसकी शुरूआत साल 2004 के ओलिंपिक खेलों में राज्यवर्धन सिंह राठौर ने की जब उन्होंने निशानेबाजी में पदक जीता। पिछले 4 ओलिंपिक खेलों से निशानेबाजी पदकों की सबसे बड़ी उम्मीद रहे हैं और भारत को खुशनुमा परिणाम भी मिले हैं। साल 2004 से भारत ने ओलिंपिक में कुल 22 पदक जीते हैं, जिनमें से 7 पदक, यानी एक तिहाई से सिर्फ एक कम अकेले निशानेबाजी में मिले हैं।

### ओलिंपिक में भारत

भारत ने ओनिफिक में अब तक सखेलों में 38 पदक जीते हैं। इनमें सबसे ज्यादा 12 पदक हॉकी में मिले हैं। दूसरे नंबर पर भारत को 7-7 पदक शूटिंग और कुश्ती में मिले हैं। कुश्ती में भारत को पहला पदक 1952 में मिल गया था, जबकि शूटिंग की शुरुआत ही 2004 में हुई थी। पिछले 5 ओलिंपिक खेलों में देश की सबसे ज्यादा ग्रोथ निशानेबाजी में हुई है। फिलहाल हॉकी, शूटिंग और एथलेटिक्स ही ऐसे खेल है, जिनमें भारत के पास कम से कम एक गोल्ड है। ओलिंपिक, वर्ल्ड कप, वर्ल्ड चैम्पियनशिप, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ जैसे मेजर शूटिंग इवेंट्स में भारत 150 गोल्ड और कुल 400 मेडल जीत चुका है।

### तेजी से बढ़ रही शूटिंग खिलाड़ियों की संख्या

आंकड़ों के मुताबिक साल 2016 में हुई 60वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप के राइफल और पिस्टल इवेंट में कुल 4575 शूटर्स ने हिस्सा लिया था। वहीं मौजूदा समय में नेसनल राइफल एसोसिएशन के पास रजिस्टर्ड शूटर्स की संख्या कुल 35,150 है। भोपाल स्थित एसोसिएशन की शूटिंग रेंज के स्थानीय कोच जफवर्धन सिंह चौहान के मुताबिक के रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2023 में 66वीं नेशनल प्रतियोगिता में अकेले फिफटल में ही 5 हजार से अधिक निशानेबाज पहुंचे थे।

### इसलिए बढ़ रही खिलाड़ियों की रुचि

जयवर्धन के मुताबिक इस खेल में पारदर्शिता के कारण खिलाड़ी अधिक रुचि दिखा रहे हैं। यह व्यक्तिगत खेल है जिसमें हर खिलाड़ी का स्कोर कंप्यूटर में रिकॉर्ड होता है। इसके अलावा नेशनल टीम में अंदर-बाहर होने के लिए खिलाड़ियों को कम से कम स्कोर का क्राइटेरिया विभिन्न नेशनल टूनमिंट में पूरा करना होता है। यह स्कोर पूरा होने पर टीम में जगह मिल जाती है, स्कोर कम होने पर टीम से ड्रॉप हो जाते हैं।

### भारत में पिछले 5 सालों में हुए तीन वर्ल्ड कप

देश में अब तक 53 मान्यता प्रप्त स्टेट यूनिट और एसोसिएशन हैं और 5 हजार से ज्यादा शूटिंग रेंज का नेटवर्क है जहां जिला स्तर से नेशनल लेवल तक की ओपन प्रतियोगिताएं होती रहती हैं। साल 2019 के बाद से भारत में 3 आईएसएसएफ वर्ल्ड कप हो चुके हैं। इनमें दो दिल्ली और एक भोपाल में हुआ है।




# गौतम गंभीर ज्यादा समय टिक नहीं पाएंगे

टीम इंडिया को वर्ल्ड कप जिताने वाले खिलाड़ी ने 3 वजहें बताकर चौंकाया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गौतम गंभीर अब टीम इंडिया के नए हेड कोच हैं. श्रीलंका दौरे से उन्होंने टीम की कमान संभाल ली है. टी-20 सीरीज में भारत के श्रीलंका के खिलाफ क्लीन स्वीप करते ही गौतम गंभीर ने अपनी कोचिंग में पहली सीरीज जीत का स्वाद भी चख लिया है. लेकिन, इन सबके बीच टीम इंडिया की वर्ल्ड कप जीत के हीरो रहे एक खिलाड़ी का चौंकाने वाला बयान वायरल हो रहा है. उनके मुताबिक गौतम गंभीर टीम इंडिया को संभाल तो सकते हैं पर यहां ज्यादा दिन टिकने नहीं वाले.

**गौतम गंभीर ज्यादा समय टिक नहीं पाएंगे- जोगिंदर शर्मा**

गौतम गंभीर को लेकर इस तरह का बयान देने वाले हैं जोगिंदर शर्मा, जो कि 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप का पहला खिताब जीतने वाली टीम इंडिया के हीरो रहे थे. गौतम गंभीर भी उस आईसीसी टूर्नामेंट को जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे थे. जोगिंदर शर्मा का कहना है कि जितना वो गंभीर को जानते हैं, उसके मुताबिक वो ज्यादा दिन भारतीय टीम में नहीं टिकेंगे.

**गंभीर पर दिए बयान के पीछे हैं 3 वजहें**

जोगिंदर शर्मा का ये हैरतअंगेज बयान सोशल मीडिया पर तेजी से जोर पकड़ रहा है, जिसके पीछे उन्होंने 3 वजहें बताई हैं.

उन्होंने पहली बात ये कही कि कई दफा गौतम गंभीर के कुछ फैसले ऐसे हो जाते हैं, जो ज्यादा लोगों को पसंद नहीं आते. ऐसा इसलिए क्योंकि वो सीधी बात करते हैं. जोगिंदर शर्मा के मुताबिक दूसरी बात ये है कि, गंभीर किसी के पास जाने वाले नहीं हैं. चापलूसी करना उनकी आदत नहीं रही है. तीसरी और आखिरी वजह उन्होंने बताई कि गंभीर अपना काम करने में यकीन रखते हैं और कभी ये भी नहीं चाहते कि उन्हें उसका क्रेडिट मिले.

**राहुल द्रविड़ की जगह हेड कोच बने गौतम गंभीर**

टीम इंडिया में गौतम गंभीर ने राहुल द्रविड़ की जगह ली है. टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में जीत के साथ ही टीम इंडिया के साथ राहुल द्रविड़ का कार्यकाल भी खत्म हो गया, जिसके बाद गौतम गंभीर को जिम्मेदारी मिली. फिलहाल, गौतम गंभीर की कोचिंग में भारतीय टीम श्रीलंका दौरे पर है, जहां वनडे सीरीज खेली जा रही है. टी-20 सीरीज जीतने के बाद गंभीर की नजर वनडे सीरीज में भी जीत का पताका फहराने पर है.

## संक्षिप्त समाचार

### एक भारतीय को भगवान की तरह पूजता है चीन, राष्ट्रपति भी झुकाते हैं सिर



बीजिंग , एजेंसी। भारत और चीन के रिश्ते चाहे जितने भी तनावपूर्ण हों, चीन आज भी एक भारतीय को भगवान की तरह पूजता है। इस महान व्यक्ति का नाम है डॉ. द्वारकानाथ कोटनिस। चीन में उनके नाम पर कई स्कूल, कॉलेज और अस्पताल हैं। चौक-चौराहों पर उनकी मूर्तियां लगी हैं। आजादी के बाद से अब तक चीन के जितने भी राष्ट्रपति भारत आए, वे डॉ. कोटनिस के परिवार से मिले बिना नहीं लौटे। डॉ. द्वारकानाथ कोटनिस की कहानी द्वितीय विश्व युद्ध से एक साल पहले शुरू होती है। साल 1937 में चीन और जापान के बीच लड़ाई शुरू हो गई थी। जापान के हमले के बाद चीन ने दुनिया के तमाम देशों से मदद मांगी। चीनी जनरल ने पंडित जवाहरलाल नेहरू को भी चिट्ठी लिखी। उस समय भारत खुद आजाद नहीं था, लेकिन नेहरू ने मानवता के नाते चीन में डॉक्टरों का एक दल भेजने की वकालत की। इसके लिए एक सार्वजनिक अपील जारी की गई और कहा गया कि जो लोग इस दल का हिस्सा बनना चाहते हैं, वे अपना नाम कांग्रेस पार्टी को सौंप सकते हैं। 10 अक्टूबर 1910 को एक मध्यमवर्गीय परिवार में पैदा हुए डॉ. द्वारकानाथ कोटनिस पोस्ट ग्रेजुएशन की तैयारी में जुटे थे। उनकी ख्वाहिश दुनिया घूमने की थी और अलग-अलग देश में लोगों की सेवा करना चाहते थे। जब उन्हें कांग्रेस की अपील के बारे में पता चला तो फौरन चीन जाने का मन बना लिया। कांग्रेस ने पांच डॉक्टरों की एक टीम बनाई और उन्हें चीन रवाना कर दिया। उस समय कांग्रेस ने इन डॉक्टरों को चीन भेजने के लिए 22,000 रुपये चंदा जुटाया था और एक एंबुलेंस के साथ इन्हें चीन रवाना किया। भारतीय डॉक्टरों की टीम अगले 5 साल तक चीन के अलग-अलग प्रांतों में चीनी सैनिकों का इलाज करती रही। डॉ. कोटनिस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी और दिन-रात सेवा में जुटे रहे। साल 1940 में उन्होंने करीब 72 घंटे लगातार ऑपरेशन किया। कई रिकॉर्ड्स से पता चलता है कि डॉक्टर कोटनिस ने अकेले 800 से ज्यादा चीनी सैनिकों का इलाज कर उनकी जान बचाई थी।

### कनाडा में पाकिस्तानी व्यक्ति को जिंदा जलाया, निज्जर की हत्या से जुड़ा कनैक्शन

ओटावा , एजेंसी। कनाडा में खालिस्तानियों की शरणस्थली बने शहर सर्रे में दिल दहला लेने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पाकिस्तानी-कनाडाई व्यवसायी को एक व्यक्ति ने आग लगा दी। वह गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। यह व्यक्ति खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद कई विरोध प्रदर्शनों में शामिल था।राहत राव, निज्जर की मौत के बाद कई विरोध प्रदर्शनों में सक्रिय रूप से शामिल थे। निज्जर की हत्या की जांच रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) द्वारा की जा रही है। राहत राव को शुक्रवार को एक 24 या 25 वर्षीय व्यक्ति ने आग लगाई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत नाजुक है। सूत्रों के अनुसार, राहत राव पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट नहीं हैं। कनाडाई पुलिस ने आरोपी की तस्वीर जारी की है जिसने राव को आग लगाई। 18 जून 2023 को हरदीप सिंह निज्जर को सरे के एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मार दी गई थी। उसकी मौत के बाद भारत और कनाडा के बीच एक बड़ा कूटनीतिक विवाद शुरू हो गया था। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पिछले साल सितंबर में भारतीय सरकारी एजेंटों की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया था, जिसे भारत ने बेतुका और प्रेरित कहते हुए खारिज कर दिया था।



### लास वेगास के कैसीनो में चाकू से हमला, एक व्यक्ति को गोली भी मारी




लास वेगास , एजेंसी। अमेरिका के नेवादा प्रांत के लास वेगास शहर में स्थित एक कैसीनो में शनिवार को दो लोगों पर चाकू से हमला किया गया, जबकि एक अन्य व्यक्ति को गोली मार दी गई। अधिकारियों ने हमले में घायल तीनों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराए जाने की जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि रेड रॉक कैसीनो रिजॉर्ट एंड स्पा में शनिवार देर रात डेढ़ बजे चाकू से हमले और गोलीबारी की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि हमले में घायल तीन लोगों में से दो की हालत गंभीर है। पुलिस ने अभी तक हमलावरों की पहचान जाहिर नहीं की है और न ही यह बताया है कि हमले की वजह क्या थी। हालांकि, उसने कहा कि क्षेत्र के लोगों को कोई खतरा नहीं है।

# चीन का कर्ज डुबा रहा पाकिस्तान की नैया, सीपीईसी ने कर डाला कंगाल




बीजिंग , एजेंसी। पाकिस्तान के हालात पर एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी है कि चीन का 26 बिलियन डॉलर का कर्ज देश की नैया डुबा रहा औप सीपीईसी प्रोजैक्ट इसमें बड़ी भूमिका निभा रहा है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि बड़े आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को काफी हद तक सीपीईसी ने कंगाल कर डाला है। मीडिया रिपोर्ट के जुलाई में पाकिस्तान और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के बीच 7 बिलियन डॉलर के नए बेलआउट पैकेज की डील हुई है। इसके बाद एक बार फिर पाकिस्तान ने चीन के साथ अरबों डॉलर के कर्ज लौटाने से जुड़ी बातचीत शुरू कर दी है। बैठक में विदेशी मुद्रा भंडार में कमी के कारण चीन को ऊर्जा क्षेत्र के ऋण में कम से कम 16 बिलियन डॉलर की देरी के साथ-साथ 4 बिलियन डॉलर के लिए अवधि बढ़ाने का प्रस्ताव शामिल है।

पिछले सप्ताह पाकिस्तान के वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब चीन गए थे। यहां उन्होंने अरबों डॉलर के पाकिस्तान चीन आर्थिक गलियारे के तहत चीनी कंपनियों की ओर से बनाए गए नौ पावर प्लांट्स के लिए कर्जे की समय सीमा बढ़ाने की मांग की थी। चीन और पाकिस्तान के बीच 2015 में सीपीईसी का समझौता हुआ था। तब से यह चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के सबसे बड़े घटकों में से एक बन गया। चीन ने पाकिस्तान में बुनियादी ढांचों के लिए अरबों डॉलर पानी की तरह बहाए हैं। सीपीईसी प्रोजेक्ट का मूल्य 65 अरब डॉलर है। इसका लक्ष्य पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से चीन को सीधे जोड़ना है। लेकिन इसी प्रोजेक्ट के तहत बनाए गए पावर प्लांट पाकिस्तान के लिए मुसीबत बन गए हैं।

पाकिस्तान में चीनी निवेश के विशेषज्ञ अजीम खालिद ने कहा, सरकारी कंट्रोल वाले पावर प्लांट बनाने की जगह पाकिस्तान ने चीनी कंपनियों को स्वतंत्र रूप से पावर प्लांट बनाने की इजाजत दी। लेकिन ऐसी डील की गई कि बिना बिजली इस्तेमाल किए आज आबादी को इसका भुगतान करना पड़ रहा है। पाकिस्तानी न्यूज आउटलेट डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कैबिनेट मीटिंग में कहा कि उन्होंने चीनी सरकार को एक पत्र लिखकर ऋण रिप्रोफाइलिंग यानी पुनर्भुगतान का अनुरोध किया है। रिप्रोफाइलिंग ऋण रिस्ट्रक्चरिंग से अलग है। इसमें कर्जे की रकम में कटौती नहीं होती, बल्कि इसके भुगतान की तारीख बढ़ा दी जाती है। पाकिस्तान पर लगातार इस बात का दवाब है कि वह पावर कंपनियों मुख्य रूप से चीनी कंपनियों के साथ महंगे समझौते पर फिर से बातचीत करे।

### पाकिस्तान में मिली मानव चेहरे वाली बकरी का वीडियो वायरल, शख्स ने बकरी के साथ किया था दुष्कर्म !

इस्लामाबाद , एजेंसी। पाकिस्तान के इस्लामाबाद में एक बकरी में मानव जैसी चेहरे की खोज ने लोगों को चौंका दिया। इस बकरी का चेहरा असामान्य था, जिसमें मानव जैसे लक्षण दिखाई दे रहे थे। बकरी का चेहरा देखकर स्थानीय लोगों ने इसे एक अजूबा माना और यह खबर तेजी से फैल गई। बाद में पता चला कि कथित तौर पर एक अब्दुल नामक व्यक्ति ने बकरी के साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती कर दिया था। इस घटना ने स्थानीय लोगों के बीच हड़कंप मचा दिया और समाज में इस तरह की हरकतों की निंदा की गई। लोग इस घटना को न केवल एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना मानते हैं, बल्कि इसके पीछे के कारणों की भी जांच की मांग कर रहे हैं। इस घटना के बाद समाज में नैतिकता और जिम्मेदारी पर चर्चा शुरू हो गई है। लोगों ने इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है। धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने भी इस घटना की निंदा की और इसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। सोशल मीडिया पर वायरल इस तरह की खबरों की वास्तविकता की पुष्टि नहीं हुई है। कई प्रमुख समाचार स्रोतों और वैज्ञानिक अनुसंधानों ने इस तरह की घटना की पुष्टि नही की है।

### हमास नेता की मौत पर भड़के बाइडेन, इजराइली पीएम नेतन्याहू से कहा- बकवास मत करो.. मुझे बेवकूफ न बनाओ...

वॉशिंगटन , एजेंसी। इजराइल द्वारा तेहरान में हमास लीडर इस्माइल हानिया की हत्या के बाद ईरान तिलमिलाया हुआ है और अमेरिका भी नाखुश दिख रहा है। शनिवार शाम को आई एक रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपतिजो बाइडेन ने गुरुवार को फोन पर बातचीत के दौरान पीएम नेतन्याहू से कहा, बकवास बंद करो और मुझे बेवकूफ मत बनाओ। सूत्रों के अनुसार बाइडेन को गुस्सा तब आया जब नेतन्याहू ने बताया कि इजरायल हमास के साथ बंधकों के बदले युद्धविराम समझौते पर बातचीत के साथ आगे बढ़ रहा है और जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल भेजेगा। कई महीनों से इजरायल और हमास के बीच बातचीत चल रही है। बाइडेन ने इसे लेकर पहले कहा है कि नेतन्याहू आंतरिक राजनीतिक कारणों से डील में जानबूझकर देरी कर रहे हैं। नेतन्याहू के कार्यालय ने शनिवार की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ अपनी निजी चर्चा पर टिप्पणी नहीं करते हैं। बयान में दावा किया गया, प्रधानमंत्री अमेरिकी राजनीति में हस्तक्षेप नहीं करते हैं और जो भी राष्ट्रपति चुना जाएगा उसके साथ काम करेंगे और उम्मीद करते हैं कि अमेरिकी भी इजरायल की राजनीति में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। टेलीग्राफ ने शनिवार को एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी का हवाला देते हुए बताया कि 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से बाइडन बाहर हो गए हैं। इस फैसले के बाद से नेतन्याहू ईरान पर हमला करने के लिए अधिक साहसी महसूस कर रहे हैं। इजरायली अधिकारी ने कहा, बाइडन का असली एजेंडा इजरायल को पूर्ण समर्थन देना है और उन्होंने दशकों तक ऐसा किया है। नेतन्याहू यह जानते हैं, यही कारण है कि वह अधिक साहसी हो रहे हैं और उन्हें विश्वास है कि वह इजरायल के दुश्मनों पर हमला कर सकते हैं। अभी भी उन्हें अमेरिका का पूरा समर्थन मिला है।तेहरान में बुधवार को हुए एक विस्फोट में हमास चीफ इस्माइल हानिया की मौत से भड़के ईरान ने बदला लेने की धमकी दी है। इजरायल ने न तो हत्या में अपनी भूमिका स्वीकारी है और न ही इनकार किया है। गुरुवार को बाइडेन ने कहा कि हमास के प्रमुख वार्ताकार की हत्या से गाजा में संघर्ष विराम और बंधकों की रिहाई के प्रयासों में मदद नहीं मिलेगी। इस बात की चिंता जताई जा रही है कि इजरायल पर एक बड़ा हमला हो सकता है। इस कारण अमेरिका ने अपनी सैन्य तैनाती बढ़ा दी है।

### अब ईरान का पलटवार, हिजबुल्लाह ने इजरायल पर दागे कई रॉकेट; हमले को हमास लीडर की मौत का प्रतिशोध बताया

बेरूत , एजेंसी। हिजबुल्लाह ने इजरायल पर आज बड़े स्तर पर हमला बोला है। ईरान समर्थित आतंकी समूह हिजबुल्लाह ने हमास चीफ इस्माइल हानिया की हत्या के बाद ये हमला किया है। ईरान ने हानिया की हत्या में इजरायल को दोषी ठहराया है, जिससे मध्य पूर्व में युद्ध की आशंकाएं बढ़ गई हैं।

हिजबुल्लाह ने लेबनान से इजरायल पर रॉकेटों की बौछार की है। वहीं, उसने इसे फलस्तीन के लोगों के समर्थन, हमास लीडर की हत्या और इजरायल के हमले में 17 वर्षीय बच्चे की मौत का बदला बताया है। हालांकि, हिजबुल्लाह के इस अटैक का इजरायल पर खासा असर नहीं हुआ, क्योंकि इजरायल के एयर डिफेंस सिस्टम आयरन डोम ने एक बार फिर कमाल किया है। आयरन डोम ने गैलिली पैनहैंडल (इजरालय और लेबनान के बीच का क्षेत्र) के ऊपर हवा में ही कई रॉकेट को खत्म कर दिया। दूसरी ओर इजरायल के सहयोगी अमेरिका ने कहा है कि वह इस क्षेत्र में युद्धपोत और लड़ाकू विमान भेजेगा, जबकि पश्चिमी सरकारों ने अपने नागरिकों से लेबनान छोड़ने का आह्वान किया है। बता दें कि सप्ताह की शुरुआत में तेहरान में हमास नेता इस्माइल हनीया की हत्या, बेरूत में हिजबुल्लाह के सैन्य प्रमुख की इजरायली हत्या के कुछ घंटों बाद, ईरान ने प्रतिशोध की कसम खाई थी।

# गाजा में तबाही मचा रही इजरायली सेना, स्कूल पर हुए हमले में 15 फलस्तीनियों की मौत

गाजा पट्टी , एजेंसी। इजरायल अब कई मोर्चे पर लड़ाई लड़ रहा है। हमले हमास और अब हिजबुल्ला के साथ ईरान। लेकिन इजरायली सेना आतंकियों के खात्मे करने से पीछे नहीं हट रही है। रॉयटर के मुताबिक, गाजा में एक स्कूल पर हुए इजरायली हमले में 15 फलस्तीनी मारे गए। इसके कुछ घंटे बाद वेस्ट बैंक में दो हमलों में एक स्थानीय हमास कमांडर सहित नौ आतंकवादी मारे गए। हमास ने कहा कि गाजा शहर में विस्थापितों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर इजरायली ने हवाई हमले किए। वहीं, इज़रायली सेना ने कहा कि वेस्ट बैंक के दो हवाई हमलों में से पहले हमले में तुल्कर्म शहर के पास एक शहर में एक वाहन पर हमला किया गया, जिसमें एक आतंकवादी सेल को निशाना बनाया गया था, जिसके बारे में उसने कहा था कि वह हमला करने की फिराक में था।

**हमास ने लगाए आरोप :** हमास द्वारा संचालित सरकारी मीडिया कार्यालय ने कहा कि गाजा पट्टी में, गाजा शहर के शेख राडवान पड़ोस में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर इजरायली हमले में कम से कम 15 लोग मारे गए। हमास ने कहा कि गाजा शहर में विस्थापितों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर इजरायली हवाई हमले में शनिवार को कम से कम 15 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई, इसके कुछ घंटे बाद कब्जे वाले वेस्ट बैंक में दो हमलों में एक स्थानीय हमास कमांडर सहित नौ आतंकवादी मारे गए। इजरायली सेना ने कहा कि स्कूल का इस्तेमाल हमास के लिए आतंकवादियों को छिपाने और हथियार बनाने के लिए कमांड सेंटर के रूप में किया जा रहा था। हमास ने इजरायल के इन आरोपों से इनकार किया है कि वह स्कूलों और अस्पतालों जैसी नागरिक सुविधाओं से संचालित होता है। इजरायली सेना ने कहा कि वेस्ट बैंक के दो हवाई हमलों में से पहले हमले में तुल्कर्म शहर के पास एक शहर में एक वाहन पर हमला किया गया, जिसमें एक आतंकवादी सेल को निशाना बनाया गया था, जिसके बारे में उसने कहा था कि वह हमला करने की फिराक में था। गाजा में इजराइल-हमास युद्ध से पहले वेस्ट बैंक में हिंसा बढ़ रही थी और तब से यह बढ़ गई है, इस क्षेत्र में लगातार इजरायली हमले हो रहे हैं, जो उन क्षेत्रों में से एक है जहां फलस्तीनी एक राज्य की मांग कर रहे हैं।



**इजरायल विरोधी हमलों में भी वृद्धि हुई :** फलस्तीनी क्षेत्रों में ताजा हमले ईरान और लेबनान के हिज़्बुल्लाह समूह के साथ इजरायल के बढ़ते तनाव के बीच हुए हैं, जिससे मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष की आशंकाएँ पैदा हो गई हैं। अमेरिका और फ्रांस, ब्रिटेन, इटली और मिस्र सहित अंतरराष्ट्रीय साझेदारों ने क्षेत्रीय तनाव को और बढ़ने से रोकने के लिए शनिवार को राजनयिक संपर्क जारी रखा।

## वीजा मिलने में 4 मिनट की देरी और कैंसिल हो गई दादी-पोती की ट्रिप, क्रूज को रवाना होते देख गिरे आंसू

न्यूयार्क , एजेंसी। न्यूयॉर्क जाने वाली एक दादी-पोती का क्रूज से जुड़ा एक अद्भुत मामला सामने आया है। बताया जा रहा है, 75 साल की दादी और उनकी 15 साल की पोती को साउथेम्प्टन पर क्रूज बिना लिए ही रवाना हो गया, क्योंकि उनका वीजा 4 मिनट लेट आया।

दादी की पहचान ऐनी के रूप में हुई है, और उनकी पोती की पहचान लीला के रूप में हुई। दरअसल दोनों दादी और पोती न्यूयॉर्क के लिए दो हफ्ते के ट्रिप पर कनार्ड क्रूज पर रवाना होने वाली थीं।

**जब लेट पहुंचा वीजा, तब.... :** दादी ने अपनी पोते के साथ इस ट्रिप की प्लानिंग की थी। लेकिन उनका वीजा शाम 5 बजे जहाज के निर्धारित प्रस्थान के कुछ ही मिनट बाद शाम 5:04 बजे पहुंचा, तो ये देखकर उनका दिल टूट गया । बंदरगाह अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया था कि वो उन्हें जहाज में जाने देंगे,लेकिन ऐसा नहीं हुआ जहाज उन्हें लिया बिना ही रवाना हो गया

**एक साल से प्लान कर रही थीं ट्रिप :** क्रूज, जिसकी लागत 3,934 थी, बता दें कि दादी इस ट्रिप के लिए एक साल से मेहनत कर रही थी। ऐनी ने द एसोसिएटेड प्रेस को ये बात बताई है, उन्होंने कहा, हम दोनों ये देखकर बस रो रहे थे। मैं लीला के लिए बहुत निराश थी। वह बहुत उत्साहित थी।



**वीजा नियम को पढ़ने में हुई गलती :** दरअसल ऐनी ने वीजा आवश्यकताओं को गलत तरीके से पढ़ा था, उनका मानना था कि 16 साल से कम उम्र के बच्चों को किसी एडल्ट के साथ यात्रा करते समय एस्टा की आवश्यकता नहीं है। बंदरगाह पर पहुंचने पर, उन्होंने वीजा के लिए ऑनलाइन आवेदन किया, लेकिन उन्हें सूचित किया गया कि जब तक इसे मंजूरी नहीं मिल जाती, वे जहाज पर नहीं चढ़ सकते। एनी ने बताया,मैंने दो बार पूछा, क्या इसका मतलब यह है कि हम आगे नहीं बढ़ पाएंगे और उन्होंने कहा नहीं। ये देखकर मैं निराश हो गई।

## ईंट-पत्थर से हमला, ब्रिटेन में 3 बच्चियों की हत्या के बाद भड़की हिंसा; हाई अलर्ट जारी

लंदन , एजेंसी। ब्रिटेन से लगातार हिंसा की खबरें सामने रही है। एक बार फिर ब्रिटेन के ब्रिटिश शहरों में हिंसक प्रदर्शन हुए हैं, बताया जा रहा है ये देश में 13 साल में सबसे बड़ा दंगा है। इस हिंसा की आग ने उग्र रूप तब लिया जब उत्तर पश्चिम इंग्लैंड में तीन बच्चियों की चाकू से हत्या कर दी गई।

साउथ पोर्ट के एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पोस्ट में बच्चियों की हत्या के लिए एक मुस्लिम प्रवासी को जिम्मेदार ठहराया है। बताया जा रहा है ये सोशल मीडिया पर पोस्ट पर ये पोस्ट महज एक अफवाह थी। प्रदर्शनकारी इस अफवाह से भड़क उठे और इसके बाद से पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प तेज हो गई।

**लिवरपूल, मैनचेस्टर में फैली अशांति :** शनिवार को ब्रिटिश शहरों में सड़क पर हुई हिंसा में कई पुलिस अधिकारी घायल हो गए, लिवरपूल, मैनचेस्टर, सुंदरलैंड, हल, बेलफास्ट और लीड्स सहित कई स्थानों पर अशांति फैल गई है, और प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें तेज होती जा रही हैं।

**पुलिस पर फेंकी गई बोतल, ईंट की बौछार :** लिवरपूल में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर बोतलें, ईंटें, और फ्लेयर्स फेंके। साथ ही प्रवासियों के आवास वाले होटल की खिड़कियों को तोड़ दिया। प्रदर्शनकारियों के इस दंगे से पुलिस वैन की विंडस्क्रीन सहित कई लोग घायल हो गए और नुकसान हुआ। अशांति जारी रही और एक अधिकारी पर कुर्सी फेंके जाने और प्रदर्शनकारियों के बीच काफी धक्का-मुक्की की खबरें आईं। सोमवार से दक्षिणपार्टियों ने प्रशासन को विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है, इस कारण पूरे ब्रिटेन में हिंसक की घटनाएं और तेज हो सकती हैं, ऐसे में पूरा ब्रिटेन रेड अलर्ट पर है। 17 साल का आरोपी गिरफ्तार हालांकि अधिकारियों ने 17 साल के एक्सल रुदाकुबाना को गिरफ्तार कर लिया है, दाकुबाना का जन्म कार्डिफ़, वेल्स में हुआ था आरोपी रुदाकुबाना पर 9 साल के एलिस डेसिल्वा अगुइर, 7 साल के एल्सी डॉट स्टैनकॉम्ब और 6 साल के बेबे किंग की हत्या के लिए हत्या का आरोप है।



## इजराइल-हमास तनाव: अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों का मिसाइल हमला, मालवाहक जहाज को बनाया निशाना

दुबई , एजेंसी। यमन के हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी से गुजर रहे एक मालवाहक जहाज पर शनिवार देर रात मिसाइल हमला कर दिया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह इजराइल द्वारा हमास नेता इस्माइल हनिया को निशाना बनाए जाने के बाद समूह का संभवत-पहला हमला है। हनिया को हूती विद्रोहियों का मुख्य वित्त पोषक माना जाता था। हालांकि, हूती विद्रोहियों ने अभी इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हूती विद्रोहियों ने लाल सागर गलियारे से गुजरने वाले जहाजों पर अपने हमलों में दो हफ्ते के विराम का कोई कारण नहीं बताया है। पिछले साल नवंबर में गाजा पट्टी में हमास पर इजराइल की जवाबी कार्रवाई के बाद भी क्षेत्र में हूती विद्रोहियों के हमले में इसी तरह का विराम देखने को मिला था। अदन की खाड़ी में मालवाहक जहाज पर हमला तेहरान में इजराइल के संदिग्ध हवाई हमले में हमास नेता हनिया की मौत के बाद हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि हमला अदन से लगभग 225 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में अदन की खाड़ी के उस हिस्से में हुआ, जहां हूती विद्रोही पहले भी कई जहाजों को निशाना बना चुके हैं। ब्रिटिश सेना के 'यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर (यूकेएमटीओ) के बयान के मुताबिक, जहाज पर तैनात एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जहाज को एक मिसाइल से निशाना गया, लेकिन इससे आग लगने, पानी भरने या तेल का रिसाव होने की कोई सूचना नहीं है। यूकेएमटीओ पश्चिम एशिया में हमलों की जानकारी उपलब्ध कराता है। उसने मिसाइल हमले के शिकार जहाज का कोई विवरण साझा नहीं किया। निजी सुरक्षा कंपनी 'आम्ब्रे ने भी अदन की खाड़ी में मालवाहक जहाज पर हमले की खबर दी। उसने संकेत दिया कि अदन की खाड़ी में लाइबेरिया के झंडे वाले मालवाहक जहाज 'ग्रोटन को निशाना बनाया गया, जो संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा से सऊदी अरब के जेद्दा के लिए रवाना हुआ था। हालांकि, 'ग्रोटन के यूनानी प्रबंधकों ने घटनाक्रम पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हूती विद्रोहियों ने हमले की फिलहाल जिम्मेदारी नहीं ली है। उन्होंने पिछले कुछ महीनों में लाल सागर गलियारे में 70 से अधिक जहाजों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया है, जिनमें कुल चार नौसैनिक मारे गए हैं। हूती विद्रोहियों ने एक जहाज पर कब्जा कर लिया और दो अन्य को डूबा दिया। अमेरिका नीत गठबंधन ने क्षेत्र में हूती विद्रोहियों के कई हमलों को नाकाम भी किया। हूती विद्रोहियों का कहना है कि वे इजराइल, अमेरिका और ब्रिटेन से जुड़े जहाजों को निशाना बनाते हैं, ताकि गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध समाप्त करने का दबाव बनाया जा सके लेकिन कई ऐसे जहाजों पर भी हमला किया गया है।



# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, सोमवार 05 अगस्त 2024 | 8



अधिक वर्षा के कारण नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 10 में जल भरॉव की स्थिति उत्पन्न होने पर एसडीएम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण करते हुये नगर निगम के अधिकारियो कर्मचारियों को जल निकासी की त्वरित व्यवस्था बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# प्रदेश के विकास में पटवारियों की भूमिका महत्वपूर्ण : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश के विकास में पटवारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। पटवारियों की मांगों को शासन स्तर से पूरा कराने का तत्परता से प्रयास किया जायेगा। पटवारियों की जिम्मेदारी है कि राजस्व संबंधित प्रकरणों का समय पर निराकरण करें, कोई प्रकरण लंबित न रहे और प्रदेश में राजस्व महाअभियान न चलाना पड़े।

स्थानीय कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पटवारी अपने हल्के में किसानों के सभी कार्य टीम भावना के साथ अपनी योग्यता एवं कुशलता के साथ समय पर करें क्योकि राजस्व संबंधी विवाद सिर्फ पटवारी ही




समाप्त करा सकते हैं। पटवारी यदि चाह लें तो राजस्व महाअभियान संचालित करने की जरूरत ही नही पड़े। उन्होंने कहा कि जनहित के मामले में सभी को मिल कर कार्य करना चाहिए तभी हम अपने प्रदेश व जिले को ऊंचाईयों तक ले जाने में सक्षम हो पायेंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व के मामले में देश में सबसे अच्छा कार्य हमारे प्रदेश में हो रहा है जरूरत इस बात की है कि राजस्व के कार्यों की लगातार मानीटरिंग हो और सभी राजस्व के अधिकारी टीम भावना के साथ लोगों के कार्यों को समय पर निराकृत करें। उन्होंने कार्य करने के संस्कृति को विकसित करते



हुए रीवा जिले व प्रदेश को उच्चतम शिखर पर ले जाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। पटवारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह बघेल ने पटवारियों की विभिन्न मांगों की ओर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का ध्यान आकृष्ट किया। उप मुख्यमंत्री ने उल्लेखनीय कार्य के लिए दिव्या नायक को सम्मानित किया। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, पूर्व महापौर राजेन्द्र ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में पटवारीगण उपस्थित रहे।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने जलाई वजट की प्रतियां




**रीवा।** आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन सीटू ने केन्द्रर द्वारा प्रस्तुीत वजट के विरोध में सिरमौर चौराहा पर वजट की प्रतियां जलाकर अपना विरोध प्रकट किया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव किशोरी वर्मा ने कहा कि आई.सी.डी.एस. के बजट से 300 करोड रुपए काट लिया गया है । मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग से मानदेय वृद्धि पर बात करने पर उन्होंने जवाब दिया की 2018 में प्रधानमंत्री ने 1500 रुपए कार्यकर्ताओं के और 750 रुपए सहायिका के मानदेय में वृद्धि की है और पैसा बढ़ाने से इनकार कर दिया है । एक तरफ विधायकों सांसदों के वेतन एवं सुविधाओं को बढ़ाने के लिए सरकार के पास पैसा है, एक साथ 50 से 80 हजार तक वेतन वृद्धि की गई है।

वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 2018 में की गई वृद्धि का हवाला देते हुए मानदेय वृद्धि करने से इनकार कर दिया गया है । सरकार की इस कटौती से आंगनवाडी परियोजना काम करने वाली कार्यकर्ताओं सहायिकाओं एवं मिनी कार्यकर्ताओं व योजनाओ को संचालित करने के लिए मिलने वाली सुविधाओं पर बुरा असर पडेगा। आज के इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन की राज्य महासचिव किशोरी वर्मा, सीटू रीवा के जिला अध्यक्ष गिरजेश सिंह सेंगर, सीटू महासचिव सौरभ मिश्रा सहित यूनियन की महासचिव रामवती सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष सुनीता मिश्रा, कोषाध्यक्ष रजिया खान तथा मिथिलेश शुक्ला, मालती रावत, काजल सोंधिया, कमलेश सुमन, प्रभा सोनी, मिथिलेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रहीं ।

# जिले में अब तक 272.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

रीवा

जिले में पिछले तीन दिनों से वर्षा का क्रम जारी है। जिले में 4 अगस्त को 63.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक 145 मिलीमीटर वर्षा गुढ़ तहसील में दर्ज की गई। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि जिले में एक जून से अब तक कुल 272.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस अवधि में तहसील हुजूर में 323.9 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 134.5, गुढ़ में 433 मिलीमीटर, सिरमौर में 324.8 मिलीमीटर, त्योंथर में 152.5 मिलीमीटर, सेमरिया में 254 मिलीमीटर, मनगवां में 389 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 171 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 405.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## मऊगंज में समीक्षा बैठक आज

**रीवा।** कलेक्ट्रेट कार्यालय मऊगंज में 5 अगस्त को दोपहर बाद 3 बजे से समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे सड़क चौड़ीकरण तथा नाली निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक में मऊगंज शहर में जल भराव को रोकने के लिए किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# बाढ़ व आपदा से निपटने के लिए सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बाढ़ व आपदा से निपटने के लिए अपनी टीम के साथ अलर्ट मोड पर रहे तथा अपने मुख्यालय में ही रहे। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को नगर निगम, नगर परिषद एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय रखने तथा बाढ़ संबंधी सूचनाओं का लगातार अदान-प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिक वर्षा की स्थिति में क्षेत्रों में सजगता से निगरानी रखते हुए आपदा प्रबंधन के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। जिला स्तर पर



बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। कंट्रोल रूम के नंबर 07662-255143 पर किसी भी प्रकार की बाढ़ से संबंधित सूचना दी जा सकती है। आपदा प्रबंधन के लिए तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को सजग रखें तथा जल प्रपातों सहित पुल-पुलियों में बाढ़ की दशा में लोगों की आवा-जाही को प्रतिबंधित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिये हैं कि जिन रपटो/पुल पर पानी बह रहा है वहां वैरिकेट लगवाये और कर्मचारी की डयूटी भी लगायें। किसी भी स्थिति में इन रपटो और पुलों पर किसी को पार न करने दें। नदी और बांध के स्तर पर लगातार निगरानी रखें। बारिश का पूर्वानुमान देखकर निचली बस्तियों में रहने वालों को समय से ही सतर्क करें और आवश्यकतानुसार शिफ्ट करें। बांध के गेट खोलने की सूचना प्राप्त होने पर अविलंब सूचित करें तथा आकाशीय बिजली के खतरे एवं पुल से बहने से रोकने के लिए पर्याप्त जागरूकता करें।

कलेक्टर ने बताया कि बकिया बांध में पानी के अत्यधिक आवक के कारण सुरक्षा की दृष्टि से उसके 14 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है जिससे टमस नदी के जल स्तर में वृद्धि हो सकती है। नदी के किनारे स्थित सभी गांव के निवासी सतर्क रहें। नदी के जल स्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। रीवा जिले और आसपास के क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जिले के नदियों के जल स्तर में तेजी से वृद्धि हुई है। लगातार बारिश से रीवा शहर के कई मोहल्ले में जल भराव हो गया है। इनमें नगर निगम की टीमें जल निकासी की व्यवस्था कर रही हैं। बीहर नदी के बढ़ते जल स्तर को बांसघाट और निपनिया के लोगों को सतर्क किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बकिया बांध का मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया तथा नदी के जल स्तर पर हो रही वृद्धि की जानकारी ली।

# जल भरॉव की समस्या से निपटने हेतु महापौर ने आयोजित की समीक्षा बैठक

**रीवा।** नगर निगम रीवा क्षेत्र अंतर्गत वर्षा के दौरान जल भरॉव की समस्या से निपटने के लिए दिनांक 04.08.2024 को नगर निगम महापौर श्री अजय मिश्रा बाबा ने एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में महापौर ने निगम के चारो जोनल अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि



वे अपने-अपने जोन के लो लाइन क्षेत्रों का बारीकी से निरीक्षण करें और जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराया जाना सुनिश्चित करें। महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि बारिश के तुरंत बाद जल भराव वाले क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई की जाए। इसके लिए तत्काल टीम भेजकर जल निकासी कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए गए। वर्षा में सतत, साफ जल प्रदाय हेतु आवश्यक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। साथ ही महापौर द्वारा निगम आयुक्त के निर्देशन में कार्य कर रहे अधिकारियों की तत्परता और उनकी मेहनत की सराहना की, जो लगातार बारिश के बाद भी दिन-रात काम करके नागरिकों को राहत पहुंचाने में जुटे हैं। महापौर ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण भी किया और वहां की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि किसी भी नागरिक की शिकायत दर्ज होते ही उसका त्वरित निराकरण हो। इसके लिए महापौर ने सूचना तंत्र को और भी मजबूत और प्रभावी बनाये जाने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि जोनल अधिकारी भी नियंत्रण कक्ष समय-समय में निरीक्षण करें ताकि नागरिकों को जल भराव की समस्या से जल्द से जल्द निजात मिल सके। साथ ही महापौर द्वारा नगर निगम के वार्ड क्र. 10 श्रीजी गार्डेन के आसपास की एरिया में जलभरॉव की स्थिति का जायजा लिया गया एवं जल निकासी हेतु त्वरित व्यवस्था बनाये जाने के निर्देश अधिकारियो एवं कर्मचारियों को दिये गये।

## दीवार गिरने से मृतक मासूमों के परिजनों को चार-चार लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत

**रीवा।** जिले के गढ़ कस्बे में गतदिवस दीवार गिरने से चार मासूमों की दुखद मृत्यु हो गयी थी। मृतकों के परिजनों को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के तहत चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि मंजूर की गयी है।

# एसडीएम ने जल निकासी की त्वरित व्यवस्था बनाने हेतु दिया निर्देश

**रीवा।** दिनांक 04.08.2024 को अधिक वर्षा के कारण नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 10 में जल भरॉव की स्थिति उत्पन्न होने पर एसडीएम श्रीमती वैशाली जैन द्वारा क्षेत्र में भ्रमण करते हुये नगर निगम के अधिकारियो कर्मचारियों को जल निकासी की त्वरित व्यवस्था बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा की स्थिति निर्मित न हो। जिस पर तत्काल निगम अमले द्वारा जोनल अधिकारी श्री एसएल दहायत के मार्गदर्शन में वर्षा के कारण इकट्ठा हुये जल को मोटर पम्प के द्वारा एवं जेसीबी से कच्ची नाली बनाकर जल की निकासी की व्यवस्था बनाई गई। इसी प्रकार शहर के वार्ड क्र. 9 एवं 7 तथा अन्य वार्डो में जहॉ पर बर्षा के कारण जलभरॉव की स्थिति निर्मित हो रही थी उस पर त्वरित व्यवस्था बनाते हुये जल निकासी कराई गई। नगर निगम के सहायक यंत्री श्री संतोष पाण्डेय, स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द्र चतुर्वेदी, उपयंत्री श्री सुभम तिवारी द्वारा अपनी मौजूदगी में वर्षा के कारण भरे जल को निकलवाया गया। नगर पालिक निगम रीवा द्वारा बाढ़ से बचाव एवं आम नागरिकों को राहत प्रदान करने के लिये बाढ़ नियंत्रण कक्ष कोठी कम्पाउण्ड स्थित पानी के टंकी के नीचे सफाई गोदाम में स्थापित किया गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 07662-254568 है। बाढ़ राहत नियंत्रण एवं बाढ़ बचाव कन्ट्रोल रूम 24 घंटे संचालित है। शहरवासियों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की जलभरॉव की समस्या की जानकारी कन्ट्रोल रूम को अवश्य दें, जिससे समस्या का तत्काल समाधान किया जा सके।

# कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत : जनार्दन

## देवतालाब विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

### भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध : गिरीश गौतम

रीवा

भारतीय जनता पार्टी देवतालाब विधानसभा कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय सम्मेलन देवतालाब के बंधन मैरिज गार्डन में संपन्न हुआरीवा सांसद जनार्दन मिश्रा विधायक गिरीश गौतम भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्राने सभी कार्यकर्ताओ के ऊपर पुष्प वर्षा कर सभी का लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए अभिनंदन किया और सभी के ऊपर पुष्प वर्षा की आभार व्यक्तित्व किया सम्मेलन को संबोधित करते हुए रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा नेकहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ही उसकी प्राण वायु है कार्यकर्ता ने तीसरी बार रीवा में लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाया है जिसके लिए मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं और आने वाले समय में रीवा विकास की नीति नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा उन्होंने कहा मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के समय उज्जवला योजना की हितग्राही लाड़ली बहनों को 450 रूपए में गैस सिलेंडर प्रदान करने का संकल्प लिया इस संकल्प को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने पूरा किया है। रक्षाबंधन से पूर्व लिए गए इस ऐतिहासिक निर्णय से प्रदेश की करीब 40 लाख लाड़ली बहनों को आर्थिक संबल मिलेगा। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मऊगंज जिला चिकित्सालय को 200 वेट करने के लिए 40 करोड़ की स्वीकृति देकर मऊगंज के अस्पताल को सर्व सुविधा युक्त बनाने के लिए काम किया है उनका भी मैं आभार व्यापित करता हूं

### भाजपा सरकार ने रक्षाबंधन के महीने में दिया लाखों बहनों को उपहार

देवतालाब विधायक गिरीश गौतम ने कहा कि मतदान केंद्र केकार्यकर्ताओं की मेहनत ने एक नया इतिहास रीवा में रचा है और लगातार तीसरी बार भाजपा का सांसद बनाया हैसभीकी मेहनत और लग्नने देवतालाब विधानसभा में लोकसभा के अंदर सबसे ज्यादा वोटो से जीती लाने का काम किया है इसके लिए आप सभी साधुवाद के पात्र हैंमध्यप्रदेश सरकार ने करीब दो लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को भी बड़ा उपहार देते हुए उन्हें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत दो-दो लाख का बीमा कवर देने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है। आज भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव में किया अपना एक और संकल्प पूरा किया है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहले ही कह चुके हैं कि प्रदेश में पहले से संचालित जनहितैषी कोई योजना बंद नहीं की जाएगी। भाजपा सरकार महिला, युवा, गरीब, किसानों एवं हर वर्ग के लिए संचालित योजनाओं को और बेहतर तरीके से सफल संचालन के लिए बेहतर से बेहतर काम कर रही है सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि मतदान केंद्र में परिश्रम करने वाला कार्यकर्ता की भाजपा का दर्पण है और हमारे कार्यकर्ताओं ने विषम परिस्थितियों में काम करते हुए हर मतदान केंद्र में पार्टी द्वारा दिए गए 50त्न से ऊपर का लक्ष्य प्राप्त किया है इसके लिए सभी बधाई के पात्र है उन्होंने उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं का हाथ जोड़कर अभिनंदन किया और कहा कि आपकी मेहनत ने रीवा के इतिहासको लिखने का काम किया है सम्मेलन में मतदान केंद्र से लेकर विधानसभा स्तर के बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं पदाधिकारी ने भाग लिया, विधानसभा संयोजक श्री देवेंद्र शुक्ला जी, जनपद अध्यक्ष मऊगंज श्रीमती नीलम सिंह जी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री शिवपूजन शुक्ला जी, श्री रामायण पांडे जी, मण्डल अध्यक्ष देवतालाब श्री संजय सोनी जी, मण्डल अध्यक्ष नइगढ़ी श्री बृजेन्द्र गुप्ता जी, मण्डल अध्यक्ष रघुराजगढ़ सुनील अग्निहोत्री जी, मण्डल अध्यक्ष सीतापुर श्री प्रसून द्विवेदी जी, पार्टी पदाधिकारी, वरिष्ठ भाजपा नेता गण एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833